संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 19 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 76 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र सरकार के श्री अन्न (मोटा अनाज) अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर एक वृद्ध महिला ने पीएम का अभिनंदन किया।

# खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह गिरफ्तार

## पंजाब के कई जिलों में रविवार दोपहर तक इंटरनेट बंद कर दिया गया, अमृतपाल की गिरफ्तारी से माहौल न बिगड़े, इसलिए नेट सेवाएं बंद की गई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**अजनाला** पुलिस थाने पर हमले के मामले में शनिवार को पंजाब पुलिस ने खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पंजाब के कई जिलों में रविवार दोपहर तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, अमृतपाल की गिरफ्तारी से माहौल न बिगड़े, इसलिए नेट सेवाएं बंद की गई हैं। महीने की शुरूआत में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से एक अहम बैठक की थी। खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की पुलिस कार्रवाई के बाद प्रदेश भर में अलर्ट जारी कर दिया गया है, ताकि पंजाब में कानून स्थिति कायम रखी जा सके और कोई भी शरारती तत्व कोई घटना को अंजाम ना दे सके। इसके तहत बठिंडा जिले में पुलिस की तरफ से सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर दिए गए है। पंजाब के जिलों में धारा 144 लागू कर दिया गया है। एसएसपी बठिंडा गुलनीत सिंह खुराना की तरफ से



सभी जिला थाना प्रभारियों को अपने-अपने एरिया में अलर्ट रहने के आदेश जारी कर दिए गए है। वहीं जिले भर में नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों और लोगों की चेकिंग शुरू कर दी गई है।
जिले भर में फ्लैग मार्च निकाला गया वहीं जिले में अमन शांति बनाएं रखने के लिए पुलिस द्वारा शनिवार शाम को जिले भर में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च में पंजाब पुलिस के अलावा बीएसएफ व सीआरएफ के जावान भी शामिल थे। वहीं जिले भर में 16 के करीब नाके बठिंडा पुलिस द्वारा लगाएं गए है। गौरतलब है कि पंजाब में चल रहे जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर केंद्रीय सुरक्षा बलों को पंजाब के चप्पे-चप्पे पर तैनात किया गया था। गौरतलब है कि शनिवार को अमृतपाल सिंह ने बठिंडा के गांव चाउके में आयोजित होने वाले अमृत संचार समारोह में शामिल होना था। अमृतपाल सिंह के आने से पहले ही बठिंडा पुलिस हाई अलर्ट पर थी और उनके रूट पर पुलिस द्वारा नाकाबंदी कर रखी थी।

### भिंडरांवाला का परिवार कर चुका है किनारा



**दमदमी** टकसाल के मुखी रहे संत जरनैल सिंह भिंडरांवाला के भतीजे जसबीर सिंह रोडे ने वारिस पंजाब दे जत्थेबंदी के मुखी अमृतपाल सिंह से किनारा कर चुका है। जसबीर सिंह ने कहा कि अमृतपाल सिंह की विचारधारा से उनका कोई लेना देना नहीं है। अमृतपाल भिंडरांवाला की जगह नहीं ले सकता। वो एक अलग शख्सियत थे। उन्होंने कभी भी खालिस्तान बनाने की मांग नहीं की थी। श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार भाई जरनैल सिंह रोडे ने कहा कि खालिस्तान अमृतपाल का अपना और उसकी जत्थेबंदी का एजेंडा हो सकता है।

### 12वीं पास है अमृतपाल सिंह

**अमृतपाल** सिंह का जन्म अमृतसर के जल्लूपुर खेड़ा गांव में 1993 में हुआ था। महज 12वीं पास अमृतपाल अचानक से दुबई चला गया। बताते हैं कि वहां पर अमृतपाल ट्रांसपोर्ट के व्यवसाय से जुड़ा था। पंजाबी एक्टर और ऐक्टिविस्ट दीप सिद्धू ने 30 सितंबर 2021 में वारिस पंजाब दे संगठन की स्थापना की थी। दीप सिद्धू ने इसका मकसद युवाओं को सिख पंथ के रास्ते पर लाना और पंजाब को जगाना बताया था।

### अमृतपाल बना था खालिस्तानी मूवमेंट का अगुवा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**वारिस** पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह को पंजाब पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले पुलिस ने उसके छह साथियों को गिरफ्तार किया। पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह के खिलाफ हेट स्पीच समेत कई अन्य मामलों में केस दर्ज कर रखा है।

**पंजाब में खालिस्तानी ताकतों को एकजुट कर रहा था अमृतपाल**: अचानक पंजाब की धरती पर आकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से लेकर सीएम भगवंत मान को चुनौती देने वाले अमृतपाल सिंह ने पंजाब के युवाओं को अपने साथ जोड़ने के लिए मास्टर प्लान तैयार कर रखा था। युवाओं को अमृतपान व नशा छुड़ाने के नाम पर अपने साथ जोड़ रहा था लेकिन साथ ही पंजाब में खालिस्तान लहर को खड़ा भी कर रहा था।

## 24 को काशी आएंगे पीएम, सीएम योगी ने तैयारियां जांची



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 24 मार्च को वाराणसी दौरे पर आएंगे। इस दौरान पीएम 1450 करोड़ रुपए की 25 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इससे पहले शुक्रवार को सीएम योगी वाराणसी पहुंचे। यहां सीएम ने अफसरों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। कहा, "इसमें किसी भी प्रकार की लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" सीएम ने शुक्रवार को कचहरी स्थित सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम किया था। इसके बाद शनिवार सुबह 5 बजे सीएम ने बाबा काल भैरव मंदिर पहुंचे। यहां सीएम ने काल भैरव की आरती उतारी। करीब 10 मिनट तक मंदिर में रुके। इस दौरान बिजली कर्मियों की हड़ताल की वजह से मंदिर की लाइट कटी थी। इसके बाद यहां से सीएम श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर गए।

## मीडिया अपने मंच का दुरुपयोग न होने देः अनुराग ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/कोच्चि**

**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को मीडिया को सलाह दी कि वह देश का नुकसान पहुंचाने वाली आवाजों और आख्यानों को अपने मंच का इस्तेमाल न करने दें। मलयालम भाषा के दैनिक मातृभूमि के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे मीडिया बिरादरी से आग्रह करते हैं कि जान-बूझकर या अनजाने में ऐसी आवाज और आख्यान को स्थान देने से बचें, जिनसे भारत की अखंडता खतरे में पड़ती हो। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत राष्ट्र की लोकतांत्रिक प्रकृति हमेशा बनी रहेगी। भले ही कोई कितनी ही घटिया या अतार्किक राय स्वतंत्र रूप से भारत या भारत के बाहर रखे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार की पिछले 9 साल की उपलब्धियों को सबके सामने रखा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर 560 अरब डॉलर पर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विदेशी** मुद्रा भंडार में फिर गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 मार्च को समाप्त हुए हफ्ते में 2.4 अरब डॉलर घटकर 560 अरब डॉलर रह गया है। इससे पिछले हफ्ते यह 1.5 अरब डॉलर बढ़कर 562.4 अरब डॉलर पर था। भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है। आरबीआई के मुताबिक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट से विदेशी मुद्रा में गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार 10 मार्च को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर 560 अरब डॉलर रह गया। इसके पिछले हफ्ते यह 1.5 अरब डॉलर बढ़कर 562.4 अरब डॉलर पर रहा था।

## सीबीएसई की चेतावनी-1 अप्रैल से पहले सेशन शुरू न करें



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूलों को चेतावनी दी है कि वे एक अप्रैल से पहले नया एकेडमिक सेशन शुरू नहीं करें। बोर्ड ने कहा है कि इससे स्टूडेंट्स में चिंता और थकान पैदा होने का खतरा है। सीबीएसई की यह चेतावनी कई स्कूलों में खासकर कक्षा 10 और 12 के एकेडमिक सेशन शुरू होने के बाद आई है। सीबीएसई सचिव अनुराग त्रिपाठी ने आदेश में कहा, यह देखा गया है कि कुछ स्कूलों ने अपना एकेडमिक सेशन बहुत जल्दी शुरू कर दिया है जिससे कम समय में पूरे साल का सिलेबस पूरा कर लिया जाए। लेकिन इससे स्टूडेंट्स में थकान पैदा होने का खतरा है। इससे उनमें चिंता और बर्नआउट पैदा हो सकता है।

## 'बॉर्डर पर बड़ी संख्या में चीन की सेना तैनात'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

### भारत-चीन सीमा विवाद

= चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर बहुत तेजी से बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है

**पूर्वी** लद्दाख में पिछले तीन साल से भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर टकराव जारी है। इस बीच आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने कहा कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर बहुत तेजी से बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है। उसने वहां बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात कर रखा है। हम यह कह सकते हैं कि एलएसी पर हालात स्थिर बने हुए हैं, लेकिन अब भी नजर रखने की जरूरत है। यह बात उन्होंने एक कार्यक्रम में कही है।

**चीन ने 50,000 सैनिकों और हैवी वेपंस की तैनाती की है:** उन्होंने कहा कि चीन ने अप्रैल-मई 2020 में पूर्वी लद्दाख से कई बार घुसपैठ करने की कोशिश की। जब से ही पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने वहां लगभग 50,000 सैनिकों और हैवी वेपंस की तैनाती की है। हालांकि भारतीय सेना की 3,488 किलोमीटर लंबी एलएसी के सभी तीन क्षेत्रों में मजबूत तैनाती और निगरानी है, जो पूर्वी लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक है। किसी भी तरह कि स्थिति से निपटने के लिए हम हमेशा तैयार हैं। नई तकनीक और वेपंस सिस्टम के साथ हमारी क्षमता का डेवलपमेंट और प्रयास लगातार जारी है। हम खासकर रोड, हेलीपैड जैसे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के डेवलपमेंट पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## 'श्री अन्न' अभियान से किसानों का होगा लाभः पीएम नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को केंद्र सरकार के श्री अन्न (मोटा अनाज) अभियान को भारत में समग्र विकास का माध्यम बताते हुए कहा कि इससे 2.5 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि भारत एक वैश्विक आंदोलन के रूप में मोटे अनाज या 'श्री अन्न' को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली के पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (एनएएससी) स्थित सुब्रमण्यम हॉल में ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने ग्लोबल मिलेट्स सम्मेलन पर स्मारक डाक टिकट और मिलेट्स 2023 के अंतराष्ट्रीय वर्ष के आधिकारिक सिक्के का भी अनावरण किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के प्रस्ताव और प्रयासों के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष' घोषित किया है, यह बड़े सम्मान की बात है।



### वैश्विक आंदोलन

= भारत में समग्र विकास का माध्यम बताते हुए कहा कि इससे 2.5 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों को लाभ होगा

## दुनिया ने माना यह भारत का समय है : पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम में कहा कि आज दुनिया मान रही है कि यह भारत का समय है। ये कालखंड देश के लिए महत्वपूर्ण है। नया इतिहास बन रहा है। आज भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे देखकर अच्छा लगा कि इस कॉन्क्लेव की थीम 'द इंडिया मोमेंट्स' है। आज दुनिया के सभी इकोनॉमिस्ट कहते हैं कि इट इज इंडिया मोमेंट, लेकिन इंडिया टुडे जब यह दिखाता है तो यह स्पेशल हो जाता है। उन्होंने कहा कि यही समय है, सही समय है। यहां तक आने में 20 महीने लग गए। किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा में कई पड़ाव आते रहते हैं। 21वीं सदी में जो टाइम पीरियड आए वो अद्भुत हैं। अभी तक जो देश आगे बढ़े उनके सामने मुकाबला कम था।

### नया इतिहास बन रहा

= 21वीं सदी में जो टाइम पीरियड आए वो अद्भुत हैं। अभी तक जो देश आगे बढ़े उनके सामने मुकाबला कम था

**आज भारत ग्लोबल फिनटेक अडॉप्शन रेट में सबसे आगेः** आज जिन परिस्थितियों में भारत आगे बढ़ रहा है उसके सामने चुनौतियां बड़ी और अलग है। आज सबसे बड़ी महामारी फैली, दो देश युद्ध में हैं। इस समय इंडिया मोमेंट आना अलग बात है।




## 'महिला केंद्रित विकास के विजन को लेकर आगे बढ़ रहा है देश'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि देश महिला केंद्रित विकास के विजन को लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में आज महिलाएं जिन उपलब्धियों को अपने नाम दर्ज करा रही हैं, वह अमृत काल में देश के संकल्पों के साकार होने का विश्वास दिलाती हैं। बिरला दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के उत्तरी परिसर में स्थित दौलत राम कॉलेज के 61वें वार्षिकोत्सव में छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान भारतीय परंपरा और संस्कृति का हिस्सा है। महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फुले, बाबा साहब अंबेडकर जैसे समाज सुधारकों को याद करते हुए बिरला ने कहा कि महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। बिरला ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं के योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### महत्वपूर्ण भूमिका

= जीवन के हर क्षेत्र में आज महिलाएं जिन उपलब्धियों को अपने नाम दर्ज करा रही हैं, वह अमृत काल में देश के संकल्पों के साकार होने का विश्वास दिलाती है

**रेस्क्यू ऑपरेशन** रातभर में छत की कंक्रीट को हटाया गया। उसके बाद आलू के बोरों को एक-एक करके हटाया गया

# कोल्ड स्टोर हादसा..28 घंटे चला रेस्क्यूः 14 की मौत, 2 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/संभल**

**संभल** के कोल्ड स्टोरेज हादसे में शुक्रवार शाम तक 28 घंटे के रेस्क्यू के बाद 25 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया। इनमें 14 की मौत हो चुकी है। जबकि 11 को मुरादाबाद हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। जहां से 7 लोगों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। गुरुवार को यहां कोल्ड स्टोरेज की 100 फीट लंबी छत ढह गई थी। इधर, कोल्ड स्टोरेज के मालिक दोनों भाई अंकुर अग्रवाल और रोहित अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। मरने वालों में 11 संभल के हैं। 3 बदायूं के रहने वाले हैं। संभल के 11 मृतकों में 5 कैथल गांव के हैं, जबकि 4 एथल गांव के। वहीं, बदायूं के मृतकों में गांव बझेड़ा के 2 लोग व एक युवक एत्मादपुर का है। मृतकों के शवों को मुरादाबाद से उनके गांव भेजा जाएगा। जहां पुलिस सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार किया जाएगा।



**गुरुवार 12 बजे शुरू हुआ था रेस्क्यूः** डीएम मनीष बंसल ने बताया, "गुरुवार दोपहर 12 बजे से रेस्क्यू शुरू हुआ। रातभर में छत की कंक्रीट को हटाया गया। उसके बाद आलू के बोरों को एक-एक करके हटा गया। इस कारण रेस्क्यू में वक्त लगा।

**मलबे से आ रही थीं चीखें :** 28 घंटे के रेस्क्यू के दौरान जो हालात देखने को मिले वे डराने वाले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के 2 घंटे बाद रेस्क्यू ऑपरेशन की शुरूआत हुई। कोल्ड स्टोरेज के अंदर करीब 25 लोग थे। कोई किसान ट्रॉली में आलू लादे खड़ा था, तो कई मजदूर अंदर आलू के बोरे को ऊपर की रैक में रखवा रहे थे। कोल्ड स्टोरेज की छत गिरी तो जो जहां था वहीं पर दबकर रह गया। जब एनडीआरएफ और लोकल पुलिस ने बुलडोजर बुलवाकर मलबे को हटाना शुरू किया।

### 11 जिंदा मिले

= स्टोरेज की 100 फीट लंबी छत ढह गई थी। इधर, कोल्ड स्टोरेज के मालिक दोनों भाई अंकुर अग्रवाल और रोहित अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है



# ऑटो अपील सॉफ्टवेयर हो रहा कारगर साबित

## सीएम ने ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के लाभार्थियों से किया सीधा संवाद, लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार, आस पर 33 विभागों की 384 सेवाएं ऑनबोर्ड

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में नागरिकों को तय समय सीमा में सेवाओं का वितरण सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया ऑटो अपील सॉफ्टवेयर (आस) बेहद कारगर साबित हो रहा है। इस सिस्टम के लागू होने से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होने से सरकारी सिस्टम में क्रान्तिकारी बदलाव आया है और आमजन को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि उनके काम निर्धारित समय-सीमा के अन्दर होने लगे हैं। मुख्यमंत्री ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑटो अपील सॉफ्टवेयर (आस) के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे थे। इस दौरान लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने अब उन्हें किसी भी सरकारी सेवा लेने के लिए दफ्तरों के बार बार चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं। आस शुरू होने से काम पारदर्शिता के साथ होने लगे हैं और वहीं अधिकारियों की भी जवाबदेही सुनिश्चित होने से तय समय सीमा में ही लोगों को सेवाएं मिल रही हैं। इसके लिए हरियाणा सरकार का बहुत बहुत आभार।



**आस पर 33 विभागों की 384 सेवाएं ऑनबोर्डः** मनोहर लाल ने कहा कि प्रशासन की जनता के प्रति जवाबदेही तय करने, जनता को सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करने, कागजी कारवाई को कम से कम करने और लिटिगेशन कम करने के लिए राज्य सरकार ने 1 सितम्बर, 2021 को ऑटो अपील सिस्टम की शुरूआत की थी। इस सिस्टम पर 33 विभागों की 384 सेवाएं ऑनबोर्ड की जा चुकी हैं। इसके लिए, सेवा का अधिकार आयोग के अधिकारी सराहना के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आस के लागू होने से समय पर सेवा न मिलने पर नागरिक की ओर से प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी को एक स्वचालित अपील की जाती है। यदि प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी 30 कार्य दिवसों के भीतर अपील का निपटान नहीं करता है, तो अपील स्वचालित रूप से द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी के पास चली जाती है। इसी तरह, यदि वह भी 30 कार्य दिवसों के भीतर अपील का निपटान नहीं करता है, तो अपील स्वचालित रूप से सेवा का अधिकार आयोग के पास जाती है।

**आस पर 6,54,799 अपीलें हुई दायर, 6,10,145 अपीलों का किया जा चुका निपटानः** मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा का अधिकार आयोग के द्वारा ऑटो अपील सॉफ्टवेयर की नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। आस के अंतर्गत 5 सितम्बर, 2021 से 17 मार्च, 2023 तक कुल 6,54,799 अपील दायर हो चुकी हैं। इनमें से 6,10,145 अपीलों का निपटान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि भूटान देश हैपिनेस इंडेक्स के माध्यम से अपने नागरिकों के सुखमय जीवन को मापता है। हरियाणा सरकार भी ईज ऑफ लिविंग की दिशा में आगे बढ़ रही है, ताकि प्रदेशवासियों का जीवन भी खुशहाल व समृद्ध बने। मनोहर लाल ने कहा अपील अंत्योदय सरल पोर्टल पर ऑनलाइन या सरल हेल्पलाइन 0172-3968400 पर कॉल करके भी दायर की जा सकती है।

### आस से समस्याओं के निवारण के कई सफल उदाहरण

**मनोहर** लाल ने कहा कि गुरुग्राम की स्वीहा फरद की बिलिंग शिकायत से संबंधित, करनाल के रामपाल शर्मा की वृद्धावस्था पेंशन संबंधी तथा जींद जिले के राहुल को डॉ अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत मिलने वाली राशि के संबंध में आई समस्या का भी आस के माध्यम से निवारण किया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार नागरिकों को अपील मुक्त व्यवस्था प्रदान करने की ओर अग्रसर है ताकि लोगों को तय समय अवधि में ही सारी सेवाएं मिल जाए, उन्हें किसी भी स्तर पर अपील करने की आवश्यकता ही न पड़े। इसी तरह राजस्व विभाग में पहले कई स्तर तक अपील करनी पड़ती थी, जिसमें कई साल गुजर जाते थे। इसके समाधान के लिए भी प्रदेश सरकार ने रिमांड प्रथा को खत्म किया और केवल दो स्तर तक ही अपील का प्रावधान किया। इससे लोगों को बड़ी राहत मिली है।

### अब कोई भी अधिकारी व कर्मचारी सेवा देने में नहीं करता देरी

**मनोहर लाल** ने कहा कि सरकार ने देरी से सेवाएं देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर लगाम लगाने के लिए भी आस को कारगर ढंग से लागू किया है। यदि निर्धारित अवधि में सेवा न मिले तो फाइल रोकने वाले पर कार्रवाई तय है। पहले सेवा का अधिकार आयोग के पास बहुत कम शिकायतें आती थीं, क्योंकि आम आदमी उसके बारे में जानता नहीं था। अब समय पर काम न होने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी की शिकायत सेवा का अधिकार आयोग के पास खुद-ब-खुद चली जाती है। इतना ही नहीं, अब प्रथम एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों और अधिकारों के प्रति सजग हो चुके हैं। कुछ द्वितीय अपीलीय अधिकारियों द्वारा सेवा देने में हुई देरी के कारण संबंधित अधिकारी पर जुमार्ना भी लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सेवा भाव से जनता की सेवा करने की बात कही है, ताकि नागरिक संतुष्ट हों और जब नागरिक संतुष्ट होंगे तो समाज सुखी होगा।

### ई गवर्नेंस से आम आदमी की पहुंच सरकारी सेवाओं व योजनाओं तक की सुनिश्चितः सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सरकार ने अनेक सेवाओं और योजनाओं को ई-सेवाओं से जोड़ा है। जिस प्रकार सेवा का अधिकार आयोग ने अपनी सेवा को ऑटो अपील सिस्टम के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने का काम किया है। उसी प्रकार, सरकार ने ई गवर्नेंस यानी विभिन्न वेबसाईट, पोर्टल, एप के माध्यम से आम आदमी की पहुंच सरकारी सेवाओं व योजनाओं तक सुनिश्चित की है।

आज कोई भी नागरिक 50 विभागों की 663 योजनाओं और सेवाओं को एक क्लिक से ऑनलाइन प्राप्त कर सकता है। जनता की सेवा के इसी भाव के चलते हमारी सरकार को सर्विस डिलीवरी की सरकार कहा जाता है।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को चंडीगढ़ स्थित आवास पर केंद्रीय साहित्य अकादमी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष माधव कौशिक उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकें भेंट करते हुए।

# युवकों ने ढाबा मालिक पर चलाई गोली, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

जिले के सुरेवाला मोड स्थित एकता फैमिली ढाबा के मालिक पर कुछ युवकों ने शुक्रवार रात को गोली चला दी। हमलावर को धक्का देकर ढाबा मालिक ने किसी तरह अपनी जान बचाई। ढाबा मालिक के अनुसार शुक्रवार को उसके ढाबे पर कुछ युवक आए थे। युवकों ने कुछ खाने पीने के बाद उल्टी कर दी। इस बात पर ऐतराज जताने पर युवक एक बार तो चले गए लेकिन कुछ समय बाद अपने साथियों को साथ लेकर आए और नवाब पर गोली चला दी। पुलिस को दी शिकायत में जींद जिले के सैंथली निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उसका हिसार में सुरेवाला मोड़ पर एकता फैमली ढाबा है। रात नौ बजे वह और उसका भाई सुरेश और नवाब निवासी लितानी होटल पर मौजूद थे। इस दौरान ढाबे पर एक ब्रेजा गाड़ी में तीन युवक आए, जिन्होंने ढाबे पर आकर उल्टी कर दी। जब उन्हें उसने कहा कि यहां पर उल्टी मत करो तो वह गुस्से में आकर बिल फोन पे से देकर गाड़ी लेकर चले गए। थोड़ी देर बाद उसी गाड़ी में करीब छह लड़के आए। उन्होंने हम तीनों के साथ मारपीट की। एक लड़के ने नरेश कीआंखों के सामने नवाब पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, नवाब ने अपना बचाव करते हुए उसको धक्का दिया जिससे वह बाल-बाल बचा।

# गुरुग्राम, फरीदाबाद व पंचकूला में कामकाजी महिलाओं के लिए बनेंगें होस्टलः सीएम

## औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों के बच्चों के लिए खुलेंगें क्रेच सेंटर ड्रोन खरीदने पर मिलेगी 75 प्रतिशत सबसिडी

**8 15 विभागों की लगभग 67 नई घोषणाओं पर विस्तार से समीक्षा कर उन्हें समयबद्ध ढंग से क्रियान्वयन करने निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आम बजट में नागरिकों के हितार्थ की गई योजनाओं एवं घोषणाओं को तुरंत प्रभाव से क्रियान्वयन करें ताकि उनका लाभ जल्द से जल्द मिलना आरम्भ हो जाए। मुख्यमंत्री ने 15 विभागों की लगभग 67 नई घोषणाओं पर विस्तार से समीक्षा कर उन्हें समयबद्ध ढंग से क्रियान्वयन करने निर्देश दिए। मुख्यमंत्री प्रशासनिक सचिवों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चैटाला, स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे पी दलाल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव, महिला एवं



बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा, श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री अनूप धानक भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल के दौरान विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों के क्रियान्वयन में बाधाएं आई, लेकिन अब हमें तेजी से कार्य कर लोगों को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम, फरीदाबाद व पंचकूला में कामकाजी महिलाओं के लिए होस्टल बनाए जाने हैं। इनकी सभी औपचारिकताएं इसी माह पूरी करके अगले माह से कार्य आरम्भ कर दिया जाए। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों के बच्चों के लिए क्रेच सेंटर चलाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चार हजार प्ले वे स्कूलों की प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए। हर जिलें में 5 एकड़ भूमि से अधिक क्षेत्र में लगाए जाने वाले अमृत वन योजना के तहत सार्वजनिक स्थलों व अमृत सरोवरों के चारों तरफ भी ज्यादा से ज्यादा छायादार पौधे लगाए जांए। इसके अलावा अरावली क्षेत्र गुरूग्राम में बनाए जाने वाले सफारी पार्क की प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए। मनोहर लाल ने कहा कि साइबर क्राइम की इन्वेस्टिगेशन के लिए हर जिले में थाने शुरू किए जाए ताकि यह थाने एडीजीपी मुख्यालय को सीधे अपनी रिपोर्ट अप्रैल माह से भेजना सुनिश्चित कर सके।

# हिसार के रिटायर्ड इंस्पेक्टर सुसाइड मामले में बवाल



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**हिसार के** बिचपड़ी गांव के रिटायर्ड इंस्पेक्टर रघुबीर सिंह के सुसाइड मामले में ग्रामीण भड़क गए हैं। प्रशासन और ग्रामीणों की बातचीत सफल नहीं रही तो दोपहर साढ़े तीन बजे के बाद ग्रामीणों ने हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे नंबर 52 जाम कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक रेलवे पुलिस के उच्च अधिकारी और सभी आरोपी पुलिस कर्मचारियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक वे जाम नहीं खोलेंगे। हिसार जिला परिषद के पूर्व चैयरमैन राजेंद्र सूरा ने कहा कि जब तक रेलवे पुलिस की उच्च अधिकारी व अन्य पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन खत्म नहीं होगा और न ही रघुबीर का दाह संस्कार होगा। करीब एक घंटा जाम लगा रहा। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। फैसला किया गया कि प्रशासन को कल 9 बजे का अल्टीमेटम दिया जाता है, इसके बाद कोई कारवाई नहीं की तो आगामी फैसला लिया जाएगा और रेलवे ट्रेक जाम किया जाएगा। कल किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी और अलग अलग खाप नेता पहुंचेंगे। वहीं सुबह पहले ग्रामीणों ने गांव में 14 गांवों की पंचायत बुलाई है। हिसार पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों के रुख को देखते हुए डीएसपी कप्तान सिंह व एसडीएम अश्वीर नैन को बातचीत के लिए भेजा है। प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों व परिजनों से बातचीत की। मीटिंग के बाद फैसला लिया गया कि प्रशासनिक अधिकारियों ने हाथ खड़े कर दिए है कि यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। क्योंकि मामला रेलवे का है और इसलिए हम इस पर कारवाई नहीं कर सकते।

# रेवाड़ी में घोड़े को पीट-पीट कर मार डाला

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**

**हरियाणा** में रेवाड़ी जिले के कस्बा कोसली में एक शख्स ने घोड़े (खच्चर) को पीट-पीट कर मार डाला। आरोपी ने उस पर तेजधार हथियार से भी हमला किया। घोड़े का कसूर बस इतना था कि उसने आरोपी की पत्नी को लात मार दी थी। कोसली थाना पुलिस ने घोड़े के शव का पोस्टमार्टम कराया है। साथ ही आरोपी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर ली है।

**8 आरोपी ने उस पर तेजधार हथियार से भी हमला किया। घोड़े का कसूर बस इतना था कि उसने आरोपी की पत्नी को लात मार दी थी**

**गली में लहूलुहान हालत में पड़ा थाः** मिली जानकारी के अनुसार, कोसली कस्बा के रेलवे स्टेशन के समीप शिव कॉलोनी में रहने वाले जितेंद्र ने बताया कि वह केन्द्रीय स्कूल वाली गली से गुजर रहा था। तभी उसे गली में भीड़ लगी दिखाई दी। वह भीड़ के पास पहुंचा तो सड़क पर एक घोड़ा (खच्चर) लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। भीड़ में से किसी ने उसे बताया कि घोड़े को कोसली की ही भोगल बस्ती निवासी विनोद ने पीटा है।

**विनोद के घर में मिले खून के निशानः** जितेंद्र का आरोप है कि वह जब विनोद घर गया तो घर भी खून पड़ा हुआ मिला। जितेंद्र ने जब विनोद से घोड़े को मारने का कारण पूछा तो उसने कहा कि इस घोड़े ने उसकी पत्नी को लात मारी थी। इसलिए इसकी ये हालात की है। जितेंद्र का आरोप है कि विनोद ने तेजधार हथियार से घोड़े पर हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद कोसली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।

# 12 जिलों में मौसम ने बदली करवट, बारिश जारी

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**शनिवार त**ड़के मौसम ने फिर करवट बदली और बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया। मौसम विभाग ने 8 बजे प्रदेश के 12 जिलों में अगले 2 या 3 घंटे के दौरान तेज हवा के साथ हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को कई जगहों पर ओले गिरने के बाद शाम को मौसम साफ हो गया था। लेकिन शनिवार को अचानक आकाश में फिर बादल गिराए और बरसात शुरू हो गई। बरसात के कारण प्रदेश के तापमान में दो से 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक 20 मार्च तक मौसम इसी तरह रंग बदलता रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वोत्तर के चलते 17 से 20 मार्च तक हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ समेत कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। कई स्थानों पर ओले गिरने की संभावना भी जताई जा रही है।

किसान ओले गिरने की संभावना से चिंतित हैं। मौसम विभाग के अनुसार बारिश होने के बाद हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। हालांकि, बारिश के बाद फिर 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ेगा।

# 'मुख्यमंत्री भिवानी के हर वर्ग के लोगों के बीच जाएंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल चार दिन जिला भिवानी में रहेंगे। मुख्यमंत्री 2 अप्रैल को भिवानी आएंगे और 5 अप्रैल को वापिस जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री हर वर्ग व समाज के लोगों के बीच जाएंगे। मुख्यमंत्री के हर रोज चार से पांच जन-संवाद कार्यक्रम होंगे, जिसमें लोगों की समस्याएं जानेंगे और उनका समाधान करेंगे। ये जानकारी मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव ने शनिवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में दी। जवाहर यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री अपने इस चार दिवसीय कार्यक्रम में हलका बवानीखेड़ा, तोशाम व भिवानी में हर वर्ग के लोगों के बीच जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री धार्मिक



स्थलों पर भी जाकर संत-महात्माओं का आशीर्वाद लेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान किसानों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भी बात करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे जिला भिवानी के संपूर्ण विकास के मद्देनजर इस दौरान जो भी डिमांड मुख्यमंत्री के समक्ष आएंगी, उन पर गहनता से विचार विमर्श कर पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ संवाद कार्यक्रम में संबंधित हलका विधायक व जिलाध्यक्ष महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस चार दिवसीय कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ओएसडी ने बताया कि भाजपा सरकार निरंतर जनहितैषी नीतियां लागू कर रही है। पंचायतों मे ई-टेंडरिंग व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की 6217 पंचायतों में से 5048 पंचायतों ने अपनी मुहर लगाते हुए 10 हजार 462 विकास कार्यों के प्रस्ताव भेज दिए हैं, जो इस बात का पंचायतों की सहमति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अब केवल नाम मात्र का विरोध है। उन्होंने कहा कि इससे पहले अग्निवीर योजना का भी ऐसे ही विरोध किया था, जो कि किसी भी तरह से सही नहीं था। यादव ने कहा कि यह प्रदेश में पहला अवसर है कि किसी भी सरकार ने एक साथ 32 हजार वैकेंसी निकाली हो। प्रदेश में युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी दी जा रही हैं, जिससे युवाओं ने नया विश्वास पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान की त्रुटियों को दुरूस्त किया जा रहा है।

**8 धार्मिक स्थलों पर भी जाकर संत-महात्माओं का आशीर्वाद लेंगे। किसानों व कार्यकर्ताओं के साथ भी बात करेंगे**

# 'औद्योगिक विकास के क्षेत्र में फरीदाबाद को मिलेगी अब अलग पहचान'

## केंद्रीय मंत्री मेवला महाराजपुर में देश के सबसे पहले स्टेनलेस स्टील रेलवे फुट ओवरब्रिज का किया शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शनिवार को मेवला महाराजपुर में लगभग 334 लाख रुपये की धनराशि से बनाए जाने वाले देश के सबसे पहले स्टेनलेस स्टील रेलवे फुट ओवरब्रिज की सौगात दी है। यह आधुनिक तकनीकी से विकसित होने वाला देश में सबसे पहला रेलवे फूट ओवर ब्रिज मात्र छः महीने में बन कर तैयार किया जाएगा। यह ओवर ब्रिज स्टेनलेस स्टील का बनाया जाएगा। जोकि जंग रहित और मेंटनेन्स फ्री होगा। इसके बनने से लोगों के रेलवे दुर्घटनाओं से होने वाली जानो की निश्चित तौर पर सुरक्षा होगी। वे शनिवार को मेवला महाराजपुर में





स्टेनलेस स्टील से बनने वाले फुट ओवर ब्रिज के शिलान्यास के अवसर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रंखला में विकास कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन करने का प्रयास कर रही है। शिक्षा, चिकित्सा,शमशान घाट,पीने के लिए स्वच्छ पेयजल सप्लाई की लाइन, बूस्टर, एलईडी लाइट, गन्दे पानी की निकासी के लिए बेहतर सीवरेज व्यवस्था तथा पार्को के सौन्दर्यीकरण सहित भू-जल स्तर को बनाए रखने और साथ ही गंदे पानी को शुद्ध करके पार्कों, उद्योग तथा अन्य कृषि क्षेत्रों में उपयोग में लाया जा रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद शहर को जेवर एयरपोर्ट के को जोडने वाले एक्सप्रेस वे के बनने से क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। फरीदाबाद शहर आने वाले समय में विकास की नई दौड़ में शामिल होने जा रहा है। जिससे विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में फरीदाबाद को विश्व में अलग पहचान मिलेगी।

**8 आधुनिक तकनीकी से विकसित होने वाला देश में सबसे पहला रेलवे फूट ओवर ब्रिज मात्र छः महीने में बन कर तैयार किया जाएगा**

उन्होंने कहा कि दिल्ली मथुरा एक्सप्रेस वे के बाद दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि इसके बाद फरीदाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक एक नया एक्सप्रेस में बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेस वे 31 किलोमीटर लंबा होगा और छह लेन का बनाया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर मीणा, एचएसडीसी के डीजीएम राहुल सिंह तिलक राज बैंसला, जयबीर बैंसला मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री दे चुके चयन की बधाई, अब दर-दर की ठोकरें खा रहे शॉर्टलिस्टेड टीचर्स

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**हरियाणा** कौशल रोजगार निगम के तहत टीजीटी/पीजीटी को पिछले वर्ष दो दिसम्बर को शॉर्टलिस्टेड हुए कैंडिडेट्स को साढ़े तीन माह बीतने के बाद भी अभी तक ज्वाइनिंग लैटर नहीं मिला है। हरियाणा भर से इन अध्यापकों की संख्या 2069 है वहीं अकेले हिसार में लगभग 250 कैंडिडेट्स हैं। इनमें शामिल रीमन, सुषमा, सतीश, अल्पना, अमित, मनीष, सुरेन्द्र व अन्य ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत दो दिसम्बर 2022 को सभी 2069 सदस्यों को टीजीटी/पीजीटी के पास शॉर्टलिस्टेड मैसेज भेजे थे और जल्दी ही ज्वाइनिंग की बात बोली थी। इसको 100 दिन से अधिक का समय बीत चुका है परंतु इन कैंडिडेट्स को ज्वाइंगिंग नहीं दी गई। इन कैंडिडेट्स ने प्राइवेट स्कूलों से भी रिजाइन कर दिया है। नए सत्र से प्राइवेट स्कूल वाले इन्हें अपने स्कूल में भी नहीं ले रहे। हालात यह है कि न तो इन्हें प्राइवेट स्कूल वाले रख रहे हैं और न ही ज्वाइनिंग लैटर मिल रहा है। इन अध्यापकों ने बताया कि वे कई बार पंचकुला हरियाणा कौशल रोजगार निगम के दफ्तर के भी चक्कर लगा चुके हैं। इन कैंडिडेट्स ने 12 मार्च को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के हिसार जीजेयू में आयोजित जनता दरबार के दौरान भी अपनी समस्या रखी थी। उस समय मुख्यमंत्री के आदेश पर कैंडिडेट्स से पत्र व मोबाइल नंबर लिये गये थे किंतु सप्ताह बीतने पर भी कोई संपर्क नहीं किया गया। बता दें कि एक कैंडिडेट जिसका नाम अल्पना गांव बुगाना (हिसार) है, भी जनता दरबार में आई जिसको खुद सीएम ने दो दिसम्बर को फोन करके टीचर जॉब की बधाई दी थी, वो जब सीएम से मिली तो सीएम ने उनकी समस्या का समाधान का आश्वासन दिया था परंतु आज तक इन कैंडिडेट्स की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है।

# शांति तभी संभव है, जब हम समझौते के लिए तैयार हों : डॉ. अशोक कुंडू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गुरु नानक** खालसा कॉलेज में उच्चतर शिक्षा विभाग के सौजन्य से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर सेमिनार में देश-विदेश से अनेक दिग्गज विद्वानों एवं अंग्रेजी साहित्यकारों ने भाग लिया तथा अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के उप निदेशक डा. अशोक कुमार कुंडु रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पत्रकार एवं विद्वान सौरभ चौधरी मौजूद रहे। सर्वप्रथम कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंद्र सिंह ने आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया एवं



कॉलेज की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कॉलेज पूर्व प्रधान व सांसद राजनीतिक संत स. तारा सिंह के दिखाए मार्ग पर अग्रसर है। मुख्य अतिथि एवं अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार उप निदेश डा. अशोक कुंडु ने बताया कि गांधी जी बहुत बडे मनोदार्शनिक थे। उन्होंने कहा कि शांति तभी संभव है, जब हम समझौते के लिए तैयार हों। गांधी जी का संदेश था कि पहले खुद को बदलो, फिर आप दुनिया को बदल सकते हैं। गांधी जी समानता एवं न्याय के पक्षधर रहे। विशिष्ट अतिथि सौरभी चौधरी ने कहा कि गांधी जी के अनुसार अपने व्यवसाय या सेवा को अपनी भावना बनाएं। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के साथ महात्मा बुद्ध के सिद्धातों एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय हरिद्वार से अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डा. श्रवण कुमार शर्मा ने कुंजीवत भाषण दिया और विभिन्न अंग्रेजी साहित्यकारों के साहित्य में गांधी दर्शनके महत्व बारे बताया।
मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद के प्रिंसिपल डा. अशोक चौधरी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और गांधी जी के अंग्रेजी साहित्य में योगदान एवं भूमिका पर अपने विचार रखे।
अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डा. देवी भूषण ने मंच का सफलतापूर्वक संचालन किया और संगोष्ठी का विषय भारतीय अंग्रेजी साहित्य पर गांधी जी के सिद्धांतों का प्रभाव की रूपरेखा प्रस्तुत की। सायंकालीन सत्र में चौ. देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा एवं विश्वविद्यालय हिसार के पूर्व कुलपति डा. राधेश्याम शर्मा मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर विश्वकर्मा विश्वविद्यालय से डा. भावना, पूर्व प्राचार्य एसपी सिंह, डा. मेजर सिंह, प्रो. एसएस बरगोटा, कॉलेज प्रबंधन समिति के उप प्रधान स. सुरिन्द्रपाल सिंह पसरीचा, डा. रामपाल सिंह, प्रो. अशोक चड्ढा, डा. चन्द्र मोहन, प्रो. शशि मदान, डा. जुझार सिंह, डा. दीपक, डा. अमरजीत कौर, प्रो. पूजा चौधरी, प्रो. पूजा एवं काफी संख्या में अंग्रेजी भाष के विद्वान मौजूद रहे।
कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने इस सफल आयोजन के लिए प्राचार्य व स्टाफ को बधाई दी।

# सीजेएम ने अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर से की वार्तालाप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीजेएम** जसबीर ने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के पैनल पर सभी अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर से वार्तालाप की और जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं से संबधित कार्यों का अवलोकन किया।
मीटिंग में सभी अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर को निवेदन किया गया कि वह एजिंग विद डिग्निटी जो कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए कैंपेन चला हुआ है, उसमें बुजुर्गो का अधिक ध्यान रखें और उनको किसी भी तरह की कोई परेशानी होती है तो वह लीगल हेल्प के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सहारा ले सकते हैं। जहां पर लीगल एड काउंसल्स की तरफ से उन्हें विधिवत जानकारी प्रदान की जाती है और इसी कैंपेन को सफल बनाने के लिए आज की मीटिंग का एजेंडा था।
सीजेएम ने बताया कि आने वाली 13 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अधिकतम केसों को लिया जाए, ताकि न्यायालय में लंबित मामलों का निपटान शीघ्र अति शीघ्र हो सके।
न्यायालयों में पेंडिंग एग्जीक्यूशंस केसेस के बारे में विस्तार से चर्चा की गई, ताकि आने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक केसेस का आपसी सहमति से निपटारा किया जा सके और लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।
सभी पैनल अधिवक्ताओं को निर्देश दिए गए कि उनको जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जो केस असाइन किए गए हैं, उनकी प्रॉपर फ्रंट ऑफिस के मॉनिटरिंग रजिस्टर में एंट्री करें, ताकि प्रार्थी को उसके केस की पूरी डिटेल उपलब्ध हो कि उसका केस कौन सी स्थिति में और आगामी तारीख क्या है।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली के छात्र बने भारत की सबसे बड़ी इंटरस्कूल क्विज प्रतियोगिता के चैम्पियन

**नई दिल्ली।** एक ऑल इंडिया क्विज के फाइनल राउंड में जैसा मुकाबला होना चाहिए, उसी के अनुरूप भारत के अलग-अलग कोनों से 4 शीर्ष स्कूलों ने इस कड़े मुकाबले को जीतने के लिए अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन किया। प्रतिभावान छात्रों के इस मुकाबले में कहीं चूक हुई तो कहीं मास्टर स्ट्रोक थे, कभी रणनीतिक गलतियां हुईं तो कभी जबरदस्त वापसी हुई और अंत में किसी टीम के हाथ लगी निराशा तो कहीं था जश्न का माहौल क्यूँकि दिल्ली के सरदार पटेल विद्यालय के छात्र ह्यहिस्ट्री टीवी 18 सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज 2022ह्व के फाइनल राउंड को जीतकर इस प्रतियोगिता के चैम्पियन बने।
सीबीएसई द्वारा 2001 में शुरू की गई हिस्ट्री टीवी 18 सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज आज अखिल भारतीय स्तर पर इंटर-स्कूल क्विज के लिए बेंचमार्क है और भारत और दुनिया भर के विभिन्न प्रतिष्ठित सीबीएसई स्कूलों के प्रतिभाशाली और प्रखर युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती है। इसकी सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रारंभिक एलिमिनेशन राउंड में 8049 छात्रों ने भाग लिया, जिसके बाद पूरे भारत में 16 जोनल राउंड आयोजित किए गए, जहाँ प्रत्येक जोन के 30 स्कूलों से 90 छात्रों ने अगले राउंड में क्वालीफाई करने के लिए कड़ा मुकाबला किया। इस क्विज में कुल मिलाकर 2683 सीबीएसई स्कूलों ने भाग लिया।
पिछले राउंड्स में, सरदार पटेल विद्यालय के अव्यय सिंह (17), राभ्या अग्रवाल (16) और सिद्धांत कुमार (17) ने ज्ञान, संयम और सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी जबरदस्त प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। लेकिन फाइनल में हर टीम इसी तरह के असाधारण प्रदर्शन के साथ पहुँची थी। चेन्नई के एल्विन मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रायपुर के कृष्णा पब्लिक स्कूल और बंगलुरु के श्री श्री रविशंकर विद्या मंदिर की टीमों ने दिल्ली के छात्रों को कड़ी चुनौती दी। जब क्विजमास्टर अजय पूनिया ने हर टीम के सामने कठिन प्रश्नों की लड़ी लगा दी, तो हर टीम ने अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करके इस फाइनल को यादगार बनाने की पूरी कोशिश की। टीमों के बीच कड़ा संघर्ष हुआ और कई बार मुकाबला एक पलड़े से दूसरे की ओर भारी होता दिखा पर आखिरकार सरदार पटेल विद्यालय की टीम ने सबसे योग्य विजेता के रूप में ट्रॉफी पर जीत हासिल की। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'आजादी का अमृत महोत्सव' की थीम पर आयोजित इस क्विज में देश, संस्कृति और इसकी उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का जश्न मनाने के लिए देश भर के स्कूलों को आमंत्रित किया गया था।

### 6 अप्रैल तक बनाए जायेंगे 4 लाख पन्ना प्रमुख- धनखड़




**पानीपत:** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में 6 अप्रैल तक 4 लाख पन्ना प्रमुख बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे पहले पार्टी ने संगठन को घर घर ले जाने के लिए सभी बूथों पर त्रिदेव बनाए है। 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस पर पार्टी के 5 लाख कार्यकर्ता अपने घरों पर एक ही समय पर पार्टी का झंडा फहराएंगे । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने समालखा के सेवा साधना केंद्र में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि रविवार को समालखा में 6 लोकसभा क्षेत्रों के शक्ति केंद्र प्रमुखों कि कार्यशाला आयोजित की जायेगी। इस शक्ति केंद्र संगम में आने वाले कार्यकताओं को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का मार्गदर्शन मिलेगा। शक्ति केंद्र संगम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल भी मौजूद रहेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह और भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने पत्रकारों को बताया कि इस कार्यशाला में 3100 सूचीबद्ध कार्यकर्ता भाग लेंगे।
**संगठन ने बनाया अपना डिजिटल ऐप:** भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने बताया कि भाजपा ने कार्यकताओं के लिए डिजिटल को बढ़ावा देने के लिए सरल ऐप बनाया है। जिसमें कार्यकर्ता की सम्पूर्ण जानकारी होगी। ऐप पर कार्यकर्ता का वोटर लिस्ट में क्रमांक, बूथ नंबर, सहित सभी जानकारी अपलोड होगी। आज होने वाली कार्यशाला में प्रवेश पत्र भी इसी एप से डाउनलोड होंगे।
**पंजाब सरकार अपने हालात संभालने में पूरी तरह असफल:** एक प्रश्न का उत्तर देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पंजाब के हालत चिंताजनक हो गए । पंजाब सरकार हालत संभाल पाने में पूरी तरह असफल रही है। एक अन्य प्रश्न का जवाब देते हुए ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि हमारा कांग्रेस से कोई मुकाबला नहीं है। हम संगठन को पन्ना प्रमुख तक लेकर जा रहे है और उनका प्रदेश का संगठन ही नही है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं.: 9991270143

# सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**राष्ट्रीय** राजमार्ग पर मधुबन के पास डिवाइडर से एक कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।
प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहाली जीरकपुर निवासी संजीव गोयल 39 वर्ष निजी कंपनी में नौकरी करता था। बीती शाम को वह दिल्ली एयरपोर्ट से प्राइवेट गाडी इनोवा में सवार होकर अपने घर जीरकपुर जा रहा था। गाडी को पंजाब के लुधियाना निवासी देवेन्द्र सिंह चला रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे ड्राइवर देवेंद्र सिंह की तेज रफ्तारी और लापरवाही के कारण गाडी मधुबन गेट के पास डिवाइडर से जा टकराई। डिवाइडर पर लगी ग्रिल गाड़ी को आर-पार होते हुए गाडी में पीछे बैठे संजीव के सिर और ड्राइवर के पेट में जा घुसी। सूचना के बाद मुधबन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को गाडी से निकाल कर अस्पताल में भर्ती करवा गया, जहां पर इलाज के दौरान संजीव की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर देवेंद्र की हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

# योग वजन कम करने में निभाता है महत्वपूर्ण भूमिका : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**योग** गुरु दिनेश गुलाटी ने फव्वारा पार्क में आयोजित आठ दिवसीय वेट लॉस चैलेंज के अंतर्गत कक्षा में योग साधकों को बताया कि योग वजन कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रक्रिया में आसानी से मोटापा कम होता है और व्यायाम और आसन के पश्चात पहले की अपेक्षा ज्यादा ताजगी और उत्साह का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि वजन कम करने की प्रक्रिया के दौरान निष्ठा, प्रतिबद्धता और अनुशासित जीवन शैली पर



मिलती है और लाभकारी परिणाम मिलते हैं। उन्होंने वजन कम करने में सहायक सूर्य नमस्कार, त्रिकोणासन, कोणासन, वीरभद्रासन और कपालभाती का अभ्यास करवाया। योग शिक्षकों निधि गुप्ता और ऐनफ चौधरी ने साधकों को इन योगासनों को करने की विधि बताई। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योगाभ्यास सर्वोत्तम उपाय इसलिए माना जाता है, क्योंकि इससे मन और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहते हैं। योगासन के साथ-साथ भोजन का भी ध्यान रखना जरूरी है।
भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल, फलों का रस, सलाद, सूप, छाछ, दही आदि का सेवन किया जाए तो वजन कम होने के साथ-साथ पाचन में भी सहयोग मिलता है। भूख से थोड़ा कम भोजन करें। पानी अधिक लें, इससे शरीर में पानी की मात्रा संतुलित रहती है और अनावश्यक तत्व बाहर निकल जाते हैं।

# नशे से दूर रहकर ही समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान संभव: डॉ. अशोक वर्मा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख अमिताभ सिंह ढिल्लों के दिशा-निदेर्शों और मार्गदर्शन में राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में नशे के विरुद्ध 110वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ प्राचार्य डॉ. सरिता कुमार की अध्यक्षता में डॉ. सुरेश कुमार एवं डॉ. गुरनाम सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। ब्यूरो के उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने कार्यक्रम संचालन में सहयोग किया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में युवाओं का सबसे अधिक सहयोग रहता है और यदि युवा ही पथ से भ्रष्ट होकर नशे में चला जाए तो देश को कौन संभालेगा। उन्होंने कार्यक्रम में अनेक उदाहरण, गीत, कविताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया और कहा कि जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाएं।
कार्यक्रम के अंत में डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी को शपथ दिलवाई। ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डॉ. गुरनाम सिंह और डॉ. सुरेश कुमार ने डॉ.अशोक कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है जो उन्हें जीवन में नशा मुक्त रहने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

# सड़क हादसे में होमगार्ड जवान की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**कुटेल** रोड पर एक होमगार्ड के जवान को ओवरटेक करते वक्त गाड़ी चालक ने टक्कर दे मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया। इस मामले में पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है। गांव कुटेल निवासी 35 वर्षीय मनोज पिछले कई साल से होमगार्ड लगा हुआ था। अब उसकी ड्यूटी सेक्टर-12 में थी। हर रोज की तरह वह बीती शाम को भी करीब साढ़े 6 बजे अपनी डयूटी खत्म करके गांव कुटेल जा रहा था।

# 'जरूरतमंद प्रतिभावान बच्चों को निशुल्क दी जाएगी कोचिंग'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गरीब** और जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय संगठन सेंटर फार सोशल रिस्पांसबिलिटी एंड लीडरशिप और सुमित नरवाल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से ऐसे परिवारों के बच्चों को जेईई-मेन्स परीक्षा की पूरी तरह निशुल्क आवासीय कोचिंग की पहल की जा रही है। इसके लिए 16 अप्रैल को करनाल के विवेकानंद स्कूल में परीक्षा देनी होगी। सफल होनहारों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दोनों संगठन मिलकर उठाएंगे। शनिवार को क्रिकेटर सुमित नरवाल और संगठनों के पदाधिकारियों ने करनाल क्लब में पत्रकारों से वार्ता में इस मुहिम के संदर्भ में विस्तृत जानकारी सांझा की। नरवाल ने बताया कि इस पहल के पीछे जरूरतमंद और होनहार बच्चों के अधूरे सपनों को पूरा करने की सोच है। करनाल और आासपास के काफी बच्चे अक्सर संसाधनों के अभाव में आगे नहीं बढ़ पाते, जबकि उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती। इस साल बारहवीं की परीक्षा देने वाले वे सभी विद्यार्थी इसका लाभ ले सकते हैं, जिनकी पारिवारिक आय पांच लाख रुपये वार्षिक से अधिक न हो। आइआइटी की प्रवेश प्रक्रिया के लिए नान मेडिकल श्रेणी के विषयों में 75 प्रतिशत से अधिक अंक होने चाहिए। संगठनों द्वारा ऐसे सौ बच्चों को निशुल्क तैयारी कराई जाएगी। ये बच्चे कहीं से भी हो सकते हैं, बशर्ते वे परीक्षा में सफलता हासिल करें। सीएसआरएल की ओर से हरिओम व नितिन गुप्ता ने बताया कि 16 अप्रैल को विवेकानंद स्कूल में परीक्षा रखी गई है। इसमें 240 अंकों का प्रश्न पत्र होगा। बंगलुरू और नोएडा के केंद्रों पर सफल बच्चों को तैयारी कराई जाएगी। रहना, खाना और पढ़ाई की पूरी प्रक्रिया निशुल्क रहेगी। उच्च स्तरीय फैकल्टी बच्चों को पढ़ाएगी। प्रवेश परीक्षा के लिए आनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया रखी गई है। नरवाल ने बताया कि निकट भविष्य में करनाल में भी सीएसआरएल का केंद्र खोलने की योजना है। इस पहल से जरूरतमंद परिवारों के होनहार बच्चों को आगे बढने में काफी मदद मिलेगी।

# गन्ना विकास संगोष्ठी व प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हैफेड** चीनी मिल असन्ध प्रबन्धन द्वारा गांव सालवन में गन्ना प्रजनन सस्थान क्षेत्रीय केन्द्र के वरिष्ठ गन्ना वैज्ञानिकों की अध्यक्षता में गन्ना विकास संगोष्ठी व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस गन्ना विचार गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य किसानों को गन्ना फसल उत्पादन के लिए वैज्ञानिकों द्वारा गन्ना फसल में नई तकनीकी जानकारी, नई उन्नत अगेती गन्ना किस्मों की बिजाई एवं गन्ना फसल में आने वाली बिमारियां व कीट पतगों की रोकथाम के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाना था, ताकि



किसान भाई अधिक से अधिक गन्ना पैदावार ले सकें। प्रबन्ध निदेशक सहकारी चीनी मिल कैथल एवं महाप्रबन्धक हैफेड चीनी मिल असन्ध ब्रहम प्रकाश ने किसानों को सम्बोधित करते हुए बताया कि हैफेड चीनी मिल द्वारा मिल क्षेत्र में गन्ना विकास के लिए सघन गन्ना विकास योजना बनाकर किसानों को विभिन्न प्रकार की सुविधाऐं जैसे गन्ना बीज, ब्याज रहितऋण व कीटनाशक दवाईयां ब्याज रहित ऋण व अनुदान पर दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि गन्ना किस्म के दौरान गन्ना बिजाई करने पर हैफेड चीनी मिल, असन्ध की तरफ से 2000 रुपये प्रति एकड के हिसाब से अनुदान दिया जा रहा है और जो किसान ष्टश-१५०२३ का गन्ना बीज उपलब्ध करवाता है, उसको भी 500 रुपये प्रति एकड़ अनुदान दिया जा रहा है। गन्ना पिराई सत्र 2022-23 के लिए 173.96 लाख रुपये ब्याज रहित ऋण व 6.93 लाख रुपये अनुदान के रुप मे खर्च किये गए। आगामी सीजन 2023-24 के लिए भी किसानों को विभिन्न प्रकार की सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए मिल द्वारा गन्ना विकास योजना तैयार की गई है।

# दो बाइकों की भिडंत में पूर्व फौजी की मौत, दूसरा घायल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**दो** बाइकों की आमने-सामने भिडंत हो जाने से पूर्व आर्मी जवान की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। आज शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांभी गांव का रहने वाला सरदार कश्मीर सिंह बुलेट बाइक पर सवार होकर नीलोखेडी से अपने घर जा रहा था। उसकी अंजनथली के पास सामने से आ रही एक बाइक के साथ टक्कर हो गईं।

# डिलीवरी के बाद महिला की मौत, अस्पताल में परिजनों ने किया हंगामा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कस्बा असंध** स्थित एक निजी अस्पताल में बेटी को जन्म देने के बाद महिला की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार असंध निवासी अवतार सिंह गुरुवार की सुबह 10 बजे अपनी गर्भवती भाभी वैष्णो को लेकर श्री श्याम अस्पताल में पहुंचा था। चूंकि डिलीवरी का टाइम पूरा हो चुका थाए, इसलिए अस्पताल के डॉक्टरों ने दर्द वाली दवाई दी। इसके बाद गर्भवती की तबियत और ज्यादा बिगड़ गई। इसी दौरान शाम को डिलीवरी कर दी गई। गर्भवती ने



एक बच्ची को जन्म दिया। अवतार सिंह का आरोप है कि डिलीवरी के बाद उसकी भाभी की तबियत बिगड़ती चली गई। गर्भवती की डिलीवरी के दौरान अस्पताल में जिस तरह के उपकरण, ब्लड, ऑक्सीजन व अन्य आपातकालीन चीजों की व्यवस्था होनी चाहिए थी, वह नहीं थी और उसकी भाभी की तबियत बिगड़ती चली गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टरों की लापरवाही ने गर्भवती को मौत के मुहाने पर लाकर खडा कर दिया और अपने सिर से बला टालने के लिए उसे करनाल रेफर कर दिया। अवतार ने बताया है कि पहले वे अमृतधारा अस्पताल में पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। फिर विर्क अस्पताल, कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज, सिग्नेस अस्पताल में भी लेकर गए, लेकिन सभी ने यही जवाब दिया कि केस बिगड़ चुका है। फिर उन्होंने पानीपत की तरफ रुख किया। वह अपनी भाभी को लेकर पानीपत के अस्पताल में पहुंचा, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
महिला की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और वे मृतका का शव लेकर असंध अस्पताल में पहुंच गए, जहां उन्होंने डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाए और अस्पताल के डॉक्टरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पीडित परिवार का आरोप है कि महिला की मौत पर वह विलाप कर रहे थे, किसी तरह का कोई हंगामा नहीं किया। लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने मौके पर पुलिस बुला ली। परिजनों का आरोप है कि बच्ची के जन्म के बाद अस्पताल वालों ने उसका भी ध्यान नहीं रखा, जो ट्रीटमेंट बच्ची को चाहिए था, वह भी नहीं दिया। वे बच्ची को अपने घर ले गए हैं और बच्ची सुरक्षित है। उनका कहना है कि लापरवाही की सजा अस्पताल प्रबंधन को जरूर मिलनी चाहिए।

## संपादकीय

# योग का वैश्विक विस्तारीकरण

**संजीव ठाकुर**

**वैदिक** युग से आधुनिक युग तक' भारतीय वैदिक योग विद्या ने अंतराष्ट्रीय स्वरूप ले लिया है, योग अब न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। भारतीय योग गुरुओं के वर्तमान में लाखों विदेशी शिष्य भी बन चुके हैं।योग एक आत्म केंद्रित शारीरिक क्रिया तथा प्रक्रिया है। इसके लिए किसी विशेषज्ञ की आवश्यकता भी नहीं होती ना किसी महंगी सहायक सामग्री की भी। इसीलिए योग एक रोग निवारक उपाय के रूप में धीरे धीरे व्यापक जन समर्थन प्राप्त करता जा रहा है। योग प्रक्रिया में किसी अनावश्यक धन खर्च की आवश्यकता भी नहीं है और इसमें किसी विशेषज्ञ अथवा स्पेशलिस्ट व्यक्ति को भारी धन खर्च कर उस से ज्ञान लेने की आवश्यकता भी नहीं है। इसीलिए योग रोग निवारक उपाय की तरह ग्रामीण तथा शहरी भारत आदिवासियों महिलाओं के साथ युवाओं, विद्यार्थियों ,गर्भवती माताओं, किशोरियों आदि में नित नई बीमारियों के उन्मूलन में अत्यधिक उपयोगी साबित भी होता जा रहा है।

योग से न सिर्फ शरीर एवं मानसिक शक्ति में वृद्धि होती है बल्कि इससे आर्थिक लाभ प्राप्त होने लगे हैं ।योग से अर्थव्यवस्था सुधारने की क्षमता भी बढ़ती आंकी गई है। योग से अर्थव्यवस्था को सुधारने में अग्रणी भूमिका निभाने में बहु उपयोगी है। योग गुरुओं के रूप में नए रोजगार का अवसर ग्रामीण टूरिज्म, योग टूरिज्म, विदेशी मुद्रा की प्राप्ति व्यक्ति की उत्पादन क्षमता में बढ़ना और योग सामग्री का नया बाजार विकसित धीरे-धीरे होने लगा है। योग के प्रचार प्रसार होने तथा इसके लाभों को जन जन तक पहुंचाने के परिणाम स्वरुप आम लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ने लगी है ।फल स्वरूप स्कूल कालेजों तथा अन्य कॉरपोरेट सेक्टर के संस्थानों में योग शिक्षकों की मांग बढ़ने की संभावना बलवती हो गई है। बाबा रामदेव, अयंगर स्वामी, सतगुरु स्वामी ,विक्रम योगी जैसे गुरुओं की तरह अन्य योग के गुरुओं की मांग बेरोजगारी को कम करने में सहायक होगी तथा युवाओं को रोजगार का सतत एवं स्थापित रोजगार प्राप्त होगा। योग के प्रचार प्रसार बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन अर्थ लाभ की प्रक्रिया शुरू होना शुरू होगी।

टतथा ग्रामीण पर्यटन के इजाफे के साथ साथ अन्य क्षेत्र में समग्र रूप से रोजगार बढ़ने की संभावना दिखाई देने लगी है। योग के अवसर शहर के प्रदूषण से दूर ग्रामीण क्षेत्रों की प्राकृतिक छटा के मध्य योग केंद्र स्थापित होने के साथ-साथ यह धन लाभ की योजनाओं को भी सृजित करते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के कूटनीतिक तथा राजनयिक प्रयत्न के फल स्वरुप संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इसे वैश्विक मान्यता प्रदान करने के लिए 21 जून को प्रतिवर्ष वैश्विक योग दिवस मनाने की महत्वपूर्ण शुरूआत की गई। यह अत्यंत महत्वपूर्ण बात है कि भारत के इस संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बनाने हेतु प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र संघ में सबसे शीघ्रता से प्रस्ताव स्वीकृत किया गया और विश्व के सभी देशों पर का पक्षों ने जिस पर आम सहमति दर्शाई थी।

योग वैश्विक स्तर पर चर्चित एवं प्रसिद्ध होने से पश्चिम से लेकर पूरब तक योग की महत्ता पर लोगों ने इसे अपने जीवन का अंग बना कर इसे वरीयता प्रदान करना शुरू कर दिया है। अब हर वर्ष 21 जून को न सिर्फ भारत में बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य देशों में भी वैश्विक योग दिवस के रूप में योग प्रक्रिया तथा प्रक्रिया का प्रदर्शन तथा योग क्रिया की जाने लगी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के पश्चात योग द्वारा बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति भी होने लगी है।

# विकलांग व्यक्तियों के लिए गरिमापूर्ण जीवन के हो प्रयास



**-डॉ सत्यवान सौरभ**

> "अभियान का लक्ष्य निर्मित पर्यावरण, परिवहन प्रणाली और सूचना एवं संचार पारिस्थितिकी तंत्र की पहुंच को बढ़ाना है। दीन दयाल विकलांग पुनर्वास योजना के तहत विकलांग व्यक्तियों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए गैर सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जैसे विशेष स्कूल, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, समुदाय आधारित पुनर्वास, पूर्व-विद्यालय और प्रारंभिक हस्तक्षेप आदि।
> सहायक उपकरण की खरीद/फिटिंग के लिए विकलांग व्यक्तियों की सहायता: इस योजना का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों को उनकी पहुंच के भीतर उपयुक्त, टिकाऊ, वैज्ञानिक रूप से निर्मित, आधुनिक, मानक सहायक उपकरण और उपकरण लाकर मदद करना है। इस योजना का उद्देश्य विकलांग छात्रों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसरों को बढ़ाना है"

**विकलांग** व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार, "विकलांग व्यक्ति" का अर्थ दीर्घकालिक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी हानि वाला व्यक्ति है, जो बाधाओं के साथ बातचीत में, दूसरों के साथ समान रूप से समाज में उनकी पूर्ण और प्रभावी भागीदारी में बाधा डालता है। आज भारत में करोड़ों लोग विकलांग हैं। 2011 की जनगणना हमें 26।8 मिलियन आंकती है, जो भारत की कुल जनसंख्या का 2।21 प्रतिशत है; लेकिन कार्यकताओं, शिक्षाविदों और विश्व निकायों जैसे डब्ल्यूएचओ का अनुमान है कि यह 40 से 80 मिलियन के बीच होगा। राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के अनुच्छेद 41 में कहा गया है कि राज्य अपनी आर्थिक सीमा के भीतर काम, शिक्षा और बेरोजगारी, वृद्धावस्था, बीमारी और विकलांगता के मामलों में सार्वजनिक सहायता के अधिकार को सुरक्षित करने के लिए प्रभावी प्रावधान करेगा। संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची में 'विकलांगों और बेरोजगारों को राहत' का विषय निर्दिष्ट है। इस मामले को उठाना केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का कर्तव्य बनता है। यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है कि सभी सरकारी बसें सुसंगत दिशानिर्देशों के अनुसार विकलांगों के अनुकूल हों। विकलांगता को एक विकसित और गतिशील अवधारणा के आधार पर परिभाषित किया गया है। विकलांगता के प्रकारों को 7 से बढ़ाकर 21 कर दिया गया है। अधिनियम में मानसिक बीमारी, आत्मकेंद्रित, स्पेक्ट्रम विकार, सेरेब्रल पाल्सी, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, क्रोनिक न्यूरोलॉजिकल स्थितियां, भाषण और भाषा विकलांगता, थैलेसीमिया, हीमोफिलिया, सिकल सेल रोग, बधिर सहित कई विकलांगताएं शामिल हैं। अंधापन, तेजाब हमले के पीड़ित और पार्किंसंस रोग जिन्हें पहले अधिनियम में काफी हद तक नजरअंदाज किया गया था। इसके अलावा, सरकार को निर्दिष्ट विकलांगता की किसी अन्य श्रेणी को अधिसूचित करने के लिए अधिकृत किया गया है। यह विकलांग लोगों के लिए सरकारी नौकरियों में 3% से 4% और उच्च शिक्षा संस्थानों में 3% से 5% तक आरक्षण की मात्रा बढ़ाता है। 6 से 18 वर्ष की आयु के बीच बेंचमार्क विकलांगता वाले प्रत्येक बच्चे को मुफ्त शिक्षा का अधिकार होगा। सरकार द्वारा वित्तपोषित शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थानों को समावेशी शिक्षा प्रदान करनी होगी। सुलभ भारत अभियान के साथ सार्वजनिक भवनों में निर्धारित समय सीमा में पहुंच सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है। विकलांग व्यक्तियों के लिए मुख्य आयुक्त और राज्य आयुक्त अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए नियामक निकायों और शिकायत निवारण एजेंसियों के रूप में कार्य करेंगे। विकलांग व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक अलग राष्ट्रीय और राज्य कोष बनाया गया था। सुलभ भारत अभियान, पीडब्ल्यूडी के लिए सुलभ वातावरण का निर्माण और सार्वभौमिक पहुंच प्राप्त करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रमुख अभियान जो विकलांग व्यक्तियों को समान अवसर तक पहुंच प्राप्त करने और स्वतंत्र रूप से जीने और एक समावेशी समाज में जीवन के सभी पहलुओं में पूरी तरह से भाग लेने में सक्षम करेगा। अभियान का लक्ष्य निर्मित पर्यावरण, परिवहन प्रणाली और सूचना एवं संचार पारिस्थितिकी तंत्र की पहुंच को बढ़ाना है। दीन दयाल विकलांग पुनर्वास योजना के तहत विकलांग व्यक्तियों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए गैर सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जैसे विशेष स्कूल, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, समुदाय आधारित पुनर्वास, पूर्व-विद्यालय और प्रारंभिक हस्तक्षेप आदि।

सहायक उपकरण की खरीद/फिटिंग के लिए विकलांग व्यक्तियों की सहायताः इस योजना का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों को उनकी पहुंच के भीतर उपयुक्त, टिकाऊ, वैज्ञानिक रूप से निर्मित, आधुनिक, मानक सहायक उपकरण और उपकरण लाकर मदद करना है। इस योजना का उद्देश्य विकलांग छात्रों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसरों को बढ़ाना है। योजना के तहत, विकलांग छात्रों को प्रति वर्ष 200 फैलोशिप दी जाती है। ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहु-विकलांगता वाले व्यक्तियों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय ट्रस्ट की योजनाएँ हैं। बड़ी संख्या में विकलांगता को रोका जा सकता है, जिनमें जन्म के दौरान चिकित्सा संबंधी मुद्दों, मातृ स्थितियों, कुपोषण, साथ ही दुर्घटनाओं और चोटों से उत्पन्न होने वाली विकलांगताएं शामिल हैं। हालांकि, स्वास्थ्य क्षेत्र विशेष रूप से ग्रामीण भारत में विकलांगता के लिए सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया करने में विफल रहा है, इसके अलावा उचित स्वास्थ्य देखभाल, सहायक उपकरण और उपकरणों तक सस्ती पहुंच की कमी है और पुनर्वास केंद्रों में खराब प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता एक और चिंता का विषय है। हमारी शिक्षा प्रणाली समावेशी नहीं है। मामूली से मध्यम विकलांग बच्चों को नियमित स्कूलों में शामिल करना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। विशेष स्कूलों की उपलब्धता, स्कूलों तक पहुंच, प्रशिक्षित शिक्षकों और विकलांगों के लिए शैक्षिक सामग्री की उपलब्धता जैसे कई मुद्दे हैं। इसके अलावा, उच्च शिक्षण संस्थानों में विकलांगों के लिए आरक्षण कई मामलों में पूरा नहीं किया गया है, भले ही कई विकलांग वयस्क उत्पादक कार्य करने में सक्षम हैं, विकलांग वयस्कों के पास सामान्य जनसंख्या की तुलना में बहुत कम रोजगार दर है। निजी क्षेत्र में स्थिति और भी खराब है, जहां बहुत कम विकलांगों को रोजगार मिला हुआ है।

भवनों, परिवहन, सेवाओं तक पहुंच आदि में भौतिक पहुंच अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। विकलांगों के परिवारों, और अक्सर स्वयं विकलांगों का नकारात्मक रवैया विकलांग व्यक्तियों को परिवार, समुदाय या कार्यबल में सक्रिय भाग लेने से रोकता है। विकलांग लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। मानसिक बीमारी या मानसिक मंदता से पीड़ित लोग सबसे खराब कलंक का सामना करते हैं और गंभीर सामाजिक बहिष्कार के अधीन हैं। कठोर और तुलनीय डेटा और स्टैटिक्स की कमी विकलांग व्यक्तियों को शामिल करने में और बाधा डालती है। डेटा संग्रह और अक्षमता को मापने के साथ प्रमुख मुद्दे हैं,विकलांगता को परिभाषित करना कठिन है। अलग-अलग उद्देश्यों के लिए अलग-अलग विकलांगता डेटा की आवश्यकता होती है अक्षमता को अक्षमता के रूप में रिपोर्ट करने में अनिच्छा को कई स्थानों/समाजों में एक कलंक माना जाता है। नीतियों और योजनाओं का खराब कार्यान्वयन विकलांग व्यक्तियों को शामिल करने में बाधा डालता है। हालांकि विकलांगों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न अधिनियमों और योजनाओं को निर्धारित किया गया है, लेकिन उन्हें लागू करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। निवारक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मजबूत करने की आवश्यकता है और सभी बच्चों की कम उम्र में जांच की जानी चाहिए। केरल ने पहले ही एक प्रारंभिक रोकथाम कार्यक्रम शुरू कर दिया है। व्यापक नवजात स्क्रीनिंग (सीएनएस) कार्यक्रम शिशुओं में कमियों की शीघ्र पहचान करने और राज्य की विकलांगता के बोझ को कम करने का प्रयास करता है। विकलांग लोगों को कलंक पर काबू पाने के द्वारा समाज में बेहतर ढंग से एकीकृत करने की आवश्यकता है। विभिन्न प्रकार की विकलांगताओं के बारे में लोगों को शिक्षित और जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए लोगों में सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए विकलांग लोगों की सफलता की कहानियों को प्रदर्शित किया।



## कविता

### ना करो अन्न की बर्बादी

ना करो अन्न की बर्बादी,
भुखमरी पर है यह भारी,
चारों तरफ छाई है
गरीबी, भुखमरी और बेचारी,
भोजन की अनावश्यक बर्बादी
पूरी दुनिया पर पड़ रही है भारी।

थाली में लो भोजन उतना
खा सको हो तुम जितना,

खाना थोड़ा तुम कम खा लो,
गरीबों, लाचारों को
भूखे मरने से बचा लो,
उतना ही खाओ
जितना पचा लो,

थाली में ना छोड़ो तुम अन्न को
ना करो बेइज्जती
अन्न उगाने वालों की
मेहनत , मशक्कत को।

थाली में अन्न छोड़ना
पड़ता है भारी,
बढ़ती है संक्रामकता
और तेज होती इससे बीमारी।

संजीव
---------

# ..ताकि फिर से गुनगुनाएं गौरैया!

**सुनील कुमार महला**

**प्रतिवर्ष** 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस बार 13 वां विश्व गौरैया दिवस है।एक समय ऐसा था जब घर-घर, आंगन-आंगन में गौरैया दिखती थीं, लेकिन समय के साथ पक्के मकानों और लगातार कम होते जंगलों के कारण गौरैया के कुनबे भी कम हो गए हैं, जिसका व्यापक असर हमारे पर्यावरण, धरती की पारिस्थितिकी पर भी पड़ रहा है।गौरैया के प्रति जागरूकता बढ़ाने, इसे बचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष हम इस दिवस को मनाते हैं लेकिन आज लगातार बढ़ती आबादी, बढ़ते प्रदूषण, मनुष्य द्वारा कंक्रीट के जंगल के जंगल खड़े कर देना, बढ़ता औधोगीकरण, विकास, तकनीक,मोबाइल फोन रेडिएशन और प्रदूषण, खासकर ध्वनि, जल व वायु प्रदूषण, घटते जंगल (वनों की अंधाधुंध कटाई), धरती के विभिन्न संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, रहवास की कमी, खेतों में कीटनाशकों व विभिन्न रसायनों का अंधाधुंध प्रयोग, खेती में तकनीक का अधिक इस्तेमाल आदि कारणों की वजह से भी गौरैया गायब होते जा रही हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि नेचर फॉरेवर सोसायटी केअध्यक्ष मोहम्मद दिलावर के प्रयासों से पहली बार 2010 में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया था। तब से हर साल 20 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2022 विश्व गौरैया दिवस की थीम 'आई लव स्पैरो'(मैं चिडि?ा/गौरैया से प्यार करता हूँ) थी। विश्व गौरैया दिवस मनाने का मकसद गौरैया के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है।छोटी प्रजातियों के पक्षी जिनमें गौरैया भी शामिल है, ध्वनि प्रदूषण से निकलने वाली आवाज को सहन नहीं कर पाते हैं।आज भारत में गौरैया संकटग्रस्त इसलिए हो रही है क्योंकि हमारे यहाँ गांवों का तेजी से शहरीकरण हो रहा है। जीविका के लिए पारिस्थितिक संसाधनों में लगातार कमी आती चली जा रही है, प्रदूषण का स्तर पहले की तुलना में बहुत ज्यादा उच्च हो गया है और सबसे बड़ा कारण है माइक्रोवेव टावरों से होने वाला उत्सर्जन। पक्षियों को माइक्रोवेव टावरों से निकलने वाले रेडिएशन से बहुत दिक्कतें होतीं हैं और वे मर जाते हैं। यातायात के साधनों में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी, अनलेडेड पैट्रोल, नया विषैला यौगिक (बेंजीन और मिथाइल तृतीयक ब्यूटाइल ईथर), जो पेट्रोल में सीसे का स्थान लेता है, उन कीड़ों को मार सकता है जिन पर युवा गौरैया पोषण के लिए लगभग पूरी तरह से निर्भर हैं। आज उद्यान शाकनाशियों और कीटनाशकों ने कीड़ों की आबादी को कम कर दिया है, जिससे गौरैया को जीविका से वंचित होना पड़ा है। बड़े शहरों के शहरी क्षेत्रों में गौरैया के पारंपरिक प्रजनन स्थलों में गिरावट प्रजनन के मौसम और उपयुक्त घोंसले के स्थानों के दौरान उपयुक्त भोजन की कमी आदि वे कारण हैं, जिनके कारण इनकी संख्या में लगातार कमी आ रही है। बदलती जीवन शैली, पाश्चात्य संस्कृति का बढ़ता प्रभाव और वास्तु विकास ने पक्षियों के आवास और खाद्य स्त्रोतों पर कहर बरपाया है।

## विचार

# गौरैया को बनाएं घर-आंगन की दोस्त

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**हमारी सो**च अब आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी है। हम हम प्रकृति और जीव जंतुओं के प्रति थोड़ा मित्रवत भाव रखने लगे हैं। घर की टैरिश पर पक्षियों के लिए दाना-पानी डालने लगे हैं। गौरैया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। किचन गार्डन और घर की बालकनी में कृतिम घोंसला लगाने लगे। गौरैया धीरे हमारे आसपास आने लगी है। उसकी चीं-चीं की आवाज हमारे घर आंगन में सुनाई पड़ने लगी है। गौरैया संरक्षण को लेकर ग्लोबल स्तर पर बदलाव आया है यह सुखद है। फिर भी अभी यह नाकाफी है। हमें प्रकृति से संतुलन बनाना चाहिए। हम प्रकृति और पशु -पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी खासी भूमिका निभाते हैं, लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता। गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है।

गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती। एक वक्त था जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे,लेकिन वक्त के साथ गौरैया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरूकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका भी है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गौरैया संरक्षण के प्रयास को लेकर अच्छी पहल की है। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को ट्वीटर पर खूब सराहा। उन्होंने कहा कि गौरैया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिले तारीफ है। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना पानी और घोंसले की व्यवस्था की है।जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है। जिसकी वजह पशु-पक्षियों के लिए खतरा बन गया है। इंसानों के अधिक दखल से जंगल का पर्यावरण मस्त हो रहा है और पशु पक्षियों के लिए प्रकृति के अनुकूल वातावरण नहीं मिल पा रहा है। जंगल में बढ़ती ऐसी संस्कृत के खिलाफ विराम लगाने की आवश्यकता है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर के प्रयासों से 20 मार्च को चुलबुली गौरैया के लिए रखा गया। 2010 में पहली बार यह दुनिया में मनाया गया। गौरैया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इनसान की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहचर्य से दूर कर दिया है। गौरैया एक घरेलू और पालतू पक्षी है। यह इंसान और उसकी बस्ती के पास अधिक रहना पसंद करती है। पूर्वी एशिया में यह बहुतायत पायी जाती है। यह अधिक वजनी नहीं होती। इसका जीवनकाल दो साल का होता है। यह पांच से छह अंडे देती है। भारत की आंध्र यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी से अधिक की कमी बताई गई है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी आफ प्रोटेक्शन आफ बर्ड्स ने इस चुलबुले और चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौरैया की आबादी घटी है। गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है। गौरैया पासेराडेई परिवार की सदस्य है लेकिन इसे वीवरपिंच परिवार का भी सदस्य माना जाता है। इसकी लंबाई 14 से 16 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 25 से 35 ग्राम तक होता है। यह अधिकांश झुंड में रहती है। यह अधिक दो मील की दूरी तय करती है। गौरैया को अंग्रेजी में पासर डोमेस्टिक्स के नाम से बुलाते हैं। मानव जहां-जहां गया, गौरैया उसका हमसफर बनकर उसके साथ गयी। दुनिया के शहरी हिस्सों में इसकी छह प्रजातियां पायी जाती हैं, जिसमें हाउस स्पैरो, स्पेनिश, सिंड स्पैरो, रसेट, डेड और टी स्पैरो शामिल हैं। यह यूरोप, एशिया के साथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के अधिकतर हिस्सों में मिलती है। गौरैया घास के बीजों को अपने भोजन के रूप में अधिक पसंद करती है। इस पक्षी को बचाने के लिए वन और पर्यावरण मंत्रालय की ओर से कोई खास पहल नहीं दिखती। दुनिया भर के पर्यावरणविद् इसकी घटती आबादी पर चिंता जाहिर कर चुके हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भारत स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली की मार झेल रहा

**विजय गर्ग**

इकतीस सौ मरीजों पर मात्र एक बिस्तर, ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी रिपोर्ट समूचा भारत स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली की मार झेल रहा है। यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आम जन या तो झोलाछाप डाक्टरों से इलाज कराने को विवश हैं या फिर झाड़फूंक के जरिए अपनी बीमारियों से निजात पाने का प्रयास करते हैं। सरकारी डाक्टरों की ग्रामीण क्षेत्रों में तैनाती होने के बावजूद वे गांवों में नहीं जाते, शहरों में अपना चिकित्सा केंद्र शुरू कर देते हैं। कहते हैं कि असली भारत गांवों में बसता है। मगर गांव के लोगों की सेहत का खयाल रखने वाले चिकित्सा केंद्र इक्कीसवीं सदी के भारत में भी बदतर ही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा विशेषज्ञों की काफी कमी देखी जा रही है। इससे शहर और गांव के बीच एक ऐसी खाई बन रही है, जिसके परिणाम भविष्य में काफी भयावह हो सकते हैं। भले देश में तरक्की के कितने भी दावे किए जाएं, पर गांवों में करीब अस्सी फीसद चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी होना अपने आप में कई सवाल पैदा करता है। ऐसे में स्वस्थ भारत, खुशहाल भारत कैसे बनेगा? महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वास्थ्य ही वास्तविक पूंजी है, न कि सोने-चांदी के टुकड़े। अब गांवों में अगर मूलभूत सुविधाएं ही नहीं हैं और स्वास्थ्य केंद्र सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं, तो फिर ग्रामीण भारत की हालत कैसे सुधर सकती है? देश के ग्रामीण और दूरदराज के अंचल स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में काफी पिछड़े हुए हैं। इसकी बानगी ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021-22 रिपोर्ट पेश करती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्जन डाक्टरों की लगभग तिरासी प्रतिशत कमी है। बालरोग चिकित्सकों की 81.6 फीसद और फिजिशियन की 79.1 प्रतिशत कमी है।

यही हाल प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की है। ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी अमूमन 72.2 प्रतिशत की कमी है। इतना ही नहीं, वहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) की हालत भी ठीक नहीं।

## परीक्षा का बुखार

डॉ. सुरेश कुमार

हमारे पड़ोसी के लड़के को 99.9 परसेंट क्यों आए? इसी चिंता में अपने 99 परसेंट वाले लड़के को यह कहकर लताड़ने लगा कि एक परसेंट कहाँ गया। बगल वाले के लड़के को प्वाइंट नाइन अंक क्या अधिक आ गए मेरी छाती पर साँप लौटने लगे। हाँ यह अलग बात है कि मैं अपने समय बॉर्डर पास होने को पाकिस्तान पर जीत से कम नहीं समझता था। ऐसे में अपने बेटे को डाँटना-फटकारना अखरना तो बुरा लगता है, लेकिन न डाँटने पर पड़ोसियों की नजर गैर-जिम्मेदारा माता-पिता का तमगा लग जाता है। आज तो कई काम पड़ोसियों के लानत भरे तमगों से बचने के लिए करते हैं। भारत रत्न जितना सम्मानजनक होता है, उतना ही पड़ोसियों का तमगे से बचे रहना उससे कहीं कम नहीं है। पड़ोसियों की देखा-देखी यह पूछना कि प्वाइंट नाइन परसेंट कहां कटा आया? अक्ल कहाँ भूंसा चरने गई थी, कहना संवेदनशील माता-पिता होने का प्रतीक है। और तो और बगल वाले बच्चों से जब तक तुलना न कर दो तब तक हलक के नीचे निवाला उतरने का नाम नहीं लेता। पड़ोसी भी मानो पड़ोसी न हुए हमारे डायटिशियन हो गए। बच्चों के अंक में प्रश्नों के उत्तर छिपे हों या न हों लेकिन माता-पिता की नाम अवश्य छिपी होती है। जितने अंक कम होंगे नाक उतनी ही अधिक कटेगी। दोनों का ग्राफ विरोधाभासी स्वभाव का अधीन होता है। यही कारण है कि बच्चे सदा स्कूल बंद रहने की इच्छा व्यक्त करते हैं। नो एग्जाम नो टेंशन। उनकी ख्वाहिश है कि चुनावों की तरह इम्तिहान भी पांच साल बाद ही होने चाहिए। डॉक्टरेट की डिग्री भी सब्जी मंडी में सब्जियों की तरह मिल जाएँ तो कितना अच्छा होता। न पढने.का झंझट और न लिखने की किरकिरी। ऐसे ही लोगों के लिए रेल से सफर करने पर गुप्त रोग विज्ञापनों के बाद एक झटके में डिग्री पास। बिना दसवीं के डिग्री। या यूँ कहें कि बिना पढ़ाई के डिग्री के टुकड़े। इन्हीं के चलते देश में घोड़े और गधों की गिनती रोक दी गई है। चूंकि इंसान कहलाने वाले घोड़े बनने के चक्कर में गधे बनते जा रहे हैं। और जो घोड़े हैं वे गधों की चिंता में न इधर के न उधर हुए हैं।

# ग्रामीण रिफाइनरी के खिलाफ हुए लामबंद



**8 सीएसआर एक्टिविटी के तहत किए जाने वाले कामों को बंद करने के खिलाफ सरपंचों ने रिफाइनरी के खिलाफ रोष व्यक्त किया।**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत रिफाइनरी** द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य न करवाने के पर रिफाइनरी क्षेत्र के ग्रामीण रिफाइनरी के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। रिफाइनरी क्षेत्र के आसपास के गांवों के पूर्व सरपंचों, मौजूदा सरपंचों और गणमान्य व्यक्तियों ने रिफाइनरी क्षेत्र ग्रामीण संघर्ष समिति का गठन कर संरक्षक पूर्व सरपंच नैनपाल राणा की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में रिफाइनरी द्वारा आसपास के क्षेत्र में सीएसआर एक्टिविटी के तहत किए जाने वाले कामों को बंद करने के खिलाफ सरपंचों ने रिफाइनरी के खिलाफ रोष व्यक्त किया। बैठक में पंहुचे सरपंच सिठाना सतनाम सिंह, सरपंच प्रतिनिधि बोहली रमेश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि कुताना पुष्पेन्द्र सिंह, सरपंच प्रतिनिधि मुनक ओमप्रकाश , पूर्व सरपंच ददलाना नरेंद्र राणा, पूर्व सरपंच बोहली सज्जन सिंह, पूर्व सरपंच सरदार जोगा सिंह , पूर्व सरपंच सिठाना सतपाल बाजीगर, सलीम, जोगिंदर संधू, घनश्याम पाल, मोहन राणा, गुरपेज सिंह व सुरेंद्र सिंह आदि ने रिफ इनरी के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए कहा कि रिफ इनरी द्वारा पहले आसपास के क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जाते थे। परंतु पिछले कई वर्षों से रिफ इनरी द्वारा आसपास के क्षेत्र में सीएसआर गतिविधियों के तहत कोई भी विकास कार्य नहीं करवाया गया है। सरपंचों और गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि रिफाइनरी द्वारा रिफाइनरी क्षेत्र के सीएसआर का पैसा यहां न खर्च कर कहीं दूसरी जगह खर्च किया जाता है। उन्होंने कहा कि रिफ इनरी क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण रिफ इनरी का प्रदूषण सहन करते हैं परंतु रिफाइनरी विकास कार्य किसी दूसरी जगह जाकर करवाती है। उन्होंने कहा कि आसपास के क्षेत्र के लोग अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। यदि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वे क्षेत्र के आसपास के गांवों के सभी नए व पुराने सरपंचों और लोगों को एकत्रित कर रिफ इनरी गेट पर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसका जिम्मेदार रिफ इनरी प्रशासन होगा।
बैठक में उपस्थित सरपंचों ने बताया कि रविवार को रिफाइनरी क्षेत्र ग्रामीण संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल रिफ इनरी के खिलाफ राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार से मिलेगा और रिफाइनरी द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य न करवाए जाने बारे अवगत कराएगा। समिति के संरक्षक नैनपाल राणा ने बताया कि रिफाइनरी क्षेत्र ग्रामीण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया है। जिसमें पूर्व सरपंच नरेंद्र राणा को प्रधान नियुक्त किया गया जबकि पूर्व सरपंच बोहली सज्जन सिंह और पूर्व सरपंच सिठाना सतपाल बाजीगर को उपप्रधान नियुक्त किया गया।

# अंबाला में हुई तेज बारिश, किसानों की बड़ी मुश्किलें

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला में** सुबह से बूंदाबांदी का दौर जारी है। आसमान में बादल छाए रहने के साथ जहां बूंदाबांदी होने से मौसम सुहावना हुआ, वहीं आमजन को गर्मी से राहत मिली। बता दें कि मार्च के महीने में ही मई जैसी गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 20 मार्च तक मौसम अपना रंग बदलता रहेगा। चंडीगढ़ के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वोत्तर के चलते 17 से 20 मार्च तक हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ समेत कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। यही नहीं, एक-दो जगह ओलावृष्टि की भी संभावना है। अंबाला में पिछले 24 घंटे के दौरान 0.3 एमएम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, बारिश होने के बाद हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। हालांकि, बारिश के बाद फिर 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ेगा।
वहीं बरसात ने किसानों की मुश्किलें भी बढ़ा दी है। सरंसो की फसल पूरी तरह से तैयार है। जबकि गेंहू की फसल भी मंडी में आने वाली है।उन्होंनें बताया कि बरसात के बाद यदि तेज हवांए चलती है तो गेंहू की बालिया गिर जाएगीं। ऐसे में अचानक से हुई बरसात से किसान काफी घबराए हुए है। किसानों का कहना है कि यदि इसी प्रकार बरसात जारी रही तो उन्हे भारी आर्थिक हानि का सामना करना पड़ेगा।
उन्होनें यह भी बताया कि सरसों की खरीद के लिए सरकार द्वारा शहजादपुर में सैंटर बनाया गया है। जबकि इस सैंटर तक किसान सरसों को पहुंचाना ही काफी मुश्किल हो रहा है। ऐसे में बरसात के काारण मंडी में भी प्रर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है।

# मनुखता दी सेवा सबसे बड़ी सेवा और वंदे मातरम दल ने भाई-बहन को रेस्क्यू किया

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** में आयुर्वेदिक डॉक्टर के एजुकेटेड बेटा-बेटी पिछले 20 साल से नरक की जिंदगी जी रहे थे। दोनों ने खुद को घर में बंद किया हुआ था। पड़ोसियों द्वारा समय पर खाना उपलब्ध कराने पर ही भाई-बहन अभी तक जिंदा रहे। लुधियाना की संस्था मनुखता दी सेवा सबसे बड़ी सेवा और वंदे मातरम दल ने दोनों भाई-बहन को रेस्क्यू किया है। मामला अंबाला के गांव बोह का है, जहां माता-पिता की मौत के बाद एमए,बीएड पास लड़की अपने भाई के साथ 20 सालों से अपने घर में बंद थी। उनके पिता सूरज प्रकाश शर्मा आयुर्वेदिक डॉक्टर थे। इंदू शर्मा और सुनील शर्मा दोनों मानसिक रूप से बीमार बताए जा रहे हैं। बताया गया कि दोनों भाई-बहनों के रिश्तेदार अंबाला कैंट में रहते हैं। दोनों को रेस्क्यू करके मनुखता दी सेवा सबसे बड़ी सेवा संस्था अपने साथ लुधियाना ले गई है, जो उनकी देखभाल करेगी।
उधर, संस्था ने अंबाला सिटी से भी एक युवक को रेस्क्यू किया है। सिटी का रहने वाला अमनदीप पिछले 10 साल से सड़कों पर घूम रहा था। वहीं, मांगकर कुछ भी खा लेता था। दिनभर शहर में घूमता और रात को अपने घर जाकर सो जाता था। अमनदीप की स्थिति इतनी दयनीय हो गई थी कि उसे पिछले 4-5 साल से अपने मल-मूत्र का भी पता नहीं चलता था। जिस वक्त टीम ने रेस्क्यू किया उसके कमरे में गंदगी का ढेर लगा हुआ था।

# उपायुक्त ने मुख्यमंत्री घोषणा की प्रगति को लेकर की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**मुख्यमंत्री** घोषणाओं के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति को लेकर उपायुक्त सुशील सारवान ने लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में शनिवार को अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली व जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जो अधिकारी काम के प्रति गंभीर नहीं है, उन्हें अपना रवैया सुधारना होगा। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत अब तक की प्रगति रिपोर्ट को साईट पर जाकर फोटो सहित भेजने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिले में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जो विकास कार्य समय पर पूर्ण हो जाते हैं, इससे जनता को फायदा तो पहुंचता ही है साथ ही सरकार की छवि भी आम जनता की नजर में अच्छी बनती है। प्राय देखने में आया है कि कई अधिकारी निर्माण कार्यों का ठीक से निरीक्षण नहीं करते। ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही हो सकती है। उपायुक्त ने बताया कि अब 31 मार्च तक हर शनिवार को जिले में कराए जा रहे विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक होगी। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, जिला परीषद सीईओ विवेक चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया, कुलदीप सिंह बांगड़, समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा, डीआरओ राजकुमार भोरिया, बीडीपीओ रीतू लाठर, पूनम मनचन्दा, शक्ति सिंह व रामफल के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



## न्यूज फ्लैश

### होमगार्ड जवान अकबर अली ने फंदा लगाकर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला शहर के डीएवी स्कूल के नजदीक आज एक होम गार्ड जवान ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। सुत्रोनुसार मृतक अकबर अली नारायणगढ़ का रहने वाला था। अकबर पिछले 7 साल से होम गार्ड में तैनात था। दो वर्ष पहले ही उसकी शादी हुई थी। डीएवी स्कूल के पास वह डयूटी दे रहा था। इसी दौरान एक अन्य व्यक्ति ने सुबह उसे फंदे से लटका देखा। जिसके बाद पुलिस को घटना की सूचना मिली। पुलिस फिलहाल अकबर की आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। बलदेव नगर थाना प्रभारी राम कुमार ने बताया कि पुलिस ने होम गार्ड के जवान अकबर अली का शव कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी तक आात्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। परिजनों ने कोई संदेह भी नहीं जताया है। पुलिस परिजनों के ब्यानों के आधार पर 174 की कार्रवाई में जुट गई है।

### बलदेव नगर के मायाराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
शहर के बलदेव नगर निवासी माया राम की संग्दिध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव आज सुबह हरि पैलेस के नजदीक नाले के पास पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि माया राम रिक्शा चलाता था। दो दिन पहले वह अपने दोस्त के साथ घर से निकला था। लेकिन उसके बाद से वह घर पर नहीं लौटा इस संबंध में उन्होनें स्थानीय पुलिस को भी सूचित किया था। आज पुलिस ने शव मिलने के बाद मृतक के परिजनों को सूचित किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए शहर ट्रामा सैंटर पहुंचाया।

### नारकोटिक सेल की टीम ने ड्रग्स समेत एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**नारकोटिक** सेल की टीम ने ड्रग्स समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पटेल नगर अम्बाला छावनी निवासी विकास के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 8.10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। महेश नगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, एंटी नारकोटिक सेल की टीम गणेश विहार चौक टांगरी बांध के पास गश्त पर तैनात थी। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि पटेल नगर निवासी विकास हेरोइन बेचने का धंधा करता है। एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने आंबेडकर भवन के पास नाकाबंदी की। मुखबिर के इशारे पर पुलिस ने आरोपी युवक को काबू किया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान विकास सोनकर उर्फ काली मेडम बताया। पुलिस द्वारा आरोपी विकास सोनकर की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष तलाशी लेने पर पेंट की जेब से एक पॉलीथिन बरामद हुआ, जिसमें हेरोइन पाई गई।

### 20 मार्च को दिल्ली में होगी किसानों की महापंचायत

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**आज** संयुक्त किसान मोर्चा की एक अहम बैठक लुधियाना में हुई जिसमें सभी किसान यूनियन के नेताओं ने हिस्सा लिया इस अवसर पर किसान नेता दर्शन पाल सिंह और हरिंदर सिंह लक्खोवाल ने कहा हम लगातार केंद्र सरकार से 1 दिन के लिए दिल्ली में महापंचायत करने की डिमांड कर रहे थे। लेकिन सरकार की ओर से उनके लिए आनाकानी की जा रही थी आखिरकार किसान यूनियन की ओर से प्रेशर डालने के बाद सरकार ने उन्हें रामलीला मैदान में 20 मार्च को महापंचायत करने की इजाजत दे दी है। किसान जत्थे बंदियों ने कहा है कि पूरे देश भर से किसान वहां पर बड़ी गिनती में इकट्ठा होंगे 20 मार्च को सुबह 10 बजे से लेकर 3:30 बजे तक यह महापंचायत होगी जिसमें एमएसपी के साथ खेती-बाड़ी को लेकर बनाए गए कानून और लखीमपुर खीरी की घटना को लेकर इंसाफ मेन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** की सीआईए टू पुलिस की टीम ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को काबू कर आरोपी के कब्जे से चोरी की 7 बाइकें बरामद की है। आरोपी की पहचान ऋषिपाल निवासी झांझ खेडा शामली यूपी के रूप में हुई है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ आरोपी ने महंगे शौक पूरे करने के लिए बाइक चोरी की इन वारदातों को अंजाम दिया। आरोपी पानीपत में विभिन्न स्थानों से बाइक चोरी कर यूपी ले जाकर गांव में अपने खाली प्लाट में छुपाकर खड़ी कर देता था। आरोपी ऋषिपाल पिछले करीब 2 साल से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय था। शुक्रवार को आरोपी बाइक चोरी की अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में यूपी से गांव सनौली की तरफ आ रहा था। पुलिस टीम ने उसे सनौली रोड पर गांव सनौली के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही चोरीशुदा कुल 7 बाइक यूपी में उसके गांव में खाली प्लाट से बरामद कर आरोपी ऋषिपाल को शनिवार को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।



# पार्षद सुरेंद्र मदान के प्रयास से सेक्टर 14 की मेन सड़क का निर्माण कार्य शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सैक्टर-14 में हो** रहे सड़क निर्माण कार्य के बारे में कुछ लोगों द्वारा किये जा रहे भ्रामक प्रचार को लेकर आज वार्ड-3 पार्षद सुरेंद्र मदान ने अपने एक वक्तव्य के माध्यम से लोगों को वास्तविकता से परिचित कराते हुए कहा कि सैक्टर-14 में सड़क निर्माण कार्य विधिवत तरीके से और गुणवत्ता को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। उन्होंने गांधी चौक से सैक्टर-14/15 की डिवाइडिंग रोड तक सड़क निर्माण में लग रहे समय में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि इस सड़क को गहरा खोद कर इसके नीचे एक स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाई गई थी। इस सड़क के पुनर्निर्माण में खोदी गई मिट्टी को दोबारा डालने व उस पर रोड़ा बिछाने और बाद में रोड रोलर की सहायता से मिट्टी और रोड़े को नियमानुसार कम्पेट करने की प्रक्रियाओं में समय लगना जरूरी था और अब यह सड़क सात दिनों के अंदर अंदर बनकर तैयार हो जाएगी। शेष सभी सड़को को भी यथाशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।पार्षद सुरेंद्र मदान ने यह भी कहा कि वे वार्ड-3 के विकास कार्यों के प्रति सदा समर्पित रहे हैं और समर्पित रहेंगे। कुछ मुट्ठी भर लोग ना जाने किस नियत से भ्रामक प्रचार कर लोगों को उकसाते रहते हैं। सैक्टर-14 निवासियों सहित सभी वार्ड-3 वासियों से करबद्ध प्रार्थना है कि वे किसी भी प्रकार के बहकावे में ना आकर वास्तविकता को जानें और समझें फिर भी किसी के मन में कोई शंका हो तो कृपया मुझे बताएं उनकी शंका का समाधान किया जाएगा। आप अपना विश्वास और आशीर्वाद बनाए रखें।



# वकील का अपहरण कर फिरौती मांगने को दिया था अंजाम

**महेंद्रगढ़/दिनेश यादव**
**एसपी** विक्रांत भूषण के कार्यकाल में इनके कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा अबतक 3 गैंग के सरगनाओं व सदस्यों को किया जा चुका है गिरफ्तार।
अपहरण कर मारपीट करने और फिरौती मांगने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के निदेर्शानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोयों में कुलदीप उर्फ डॉक्टर गैंग से संबंध रखते हैं। पुलिस ने मामले में आरोपियों को उनके सरगना सहित गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान कुलदीप उर्फ डॉक्टर वासी खायरा, विष्णु वासी चामधेड़ा और रामदास वासी माजरा खुर्द के रूप में हुई है। पुलिस ने जांच करते हुए पता लगाया कि तीनों आरोपी अपराधिक प्रवृति के हैं। आरोपी कुलदीप के खिलाफ करीब ढाई दर्जन मामले, आरोपी रामदास के खिलाफ तीन मामले और आरोपी विष्णु के खिलाफ 1 मामला पहले से दर्ज है। आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि एडवोकेट वासुदेव ने थाना शहर महेंद्रगढ़ में शिकायत देते हुए बताया कि वह राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में वकालत करता है। उसने बताया कि कृष्ण कुमार ने महेंद्रगढ़ कोर्ट में एक सिविल मुकदमा रामदास के विरुद्ध कर रखा है, जिसमें वह कृष्ण की ओर से वकील है। एक अन्य मुकदमा राजेश व रामदास का उसी जमीन का महेंद्रगढ़ कोर्ट में चल रहा था। 17 जनवरी को राजेश व रामदास के मुकदमे में कृष्ण का पक्षकार करने के लिए शिकायतकर्ता ने आवेदन किया था। घर जाने के लिए कोर्ट के बाहर बस का इंतजार कर रहा था, उसी समय सफेद रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी आई। जिसमें रामदास, राजेश कुमार, कुलदीप, मनोज व 4 अन्य व्यक्ति बैठे थे, जिसे कालू चला रहा था।

# जिला स्तरीय यूथ रेड क्रास प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** छावनी में रेड क्रास सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे जिला स्तरीय यूथ रेड क्रास प्रशिक्षण शिविर में 14 कॉलेजों के अनेक प्रतिभागी भाग ले रहें है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महासचिव भारतीय रेड क्रास सोसायटी हरियाणा डॉ मुकेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर युवाओं को नशे से दूर रहने व समाजसेवा के लिए प्रेररित किया गया। युवाओं ने भी बताया कि वह इस प्रशिक्षण शिविर से बहुत कुछ सीख कर जा रहे है। 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में उन्हे फस्ट ऐड, नर्सिंग, आपदा के समय किस प्रकार सहायता कि जाए आदि संबंधी जानकारी दी गई । इसके साथ ही यह भी बताया गया कि शिविर में बेहतर यूथ बनाने का प्रयास किया गया। छावनी के एसडी कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने पौधा रोपण किया। इस अवसर पर रेड क्रास सचिव विजय लक्ष्मी, डॉ राजेंद्र कुमार, प्रो नवीन गुलाटी, कार्यक्रम निर्देश हरमेश चंद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि वाईआरसी का कैंप अम्बाला में आयोजित किया गया। पूरे प्रदेश भर में इस प्रकार के कैंप लगाए जा रहे है। इनका मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को सही मार्ग पर चलने का रास्ता मिले। उन्हे नशे से दूर रखा जा सके तथा रक्तदान के लिए किस प्रकार प्रेरित किया जाए। साथ ही युवाओं को यह भी बताया जा रहा है कि वह देश सेवा में किस प्रकार से अग्रसर हो सकते है। इन कैंपो के माध्यम से बच्चो को फस्ट ऐड की ट्रेनिंग भी दी जाती है और उन्हे यह भी बताया जाता है कि वह किस प्रकार दूसरे व्यक्ति की आपदा के समय जान बचा सकते है। उन्होनें बताया कि कोरोना काल में लोगो की सहायता करने में रेड क्रास का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**मो. नं. : 9896772006**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**मो. नं. : 9466035040**

# पानीपत जिला हजारों किसान करेंगे दिल्ली कूच करेंगे 20 मार्च को: सोनू

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत जिला के किसानों की बैठक भाकियू के जिला प्रधान सोनू मालपुरिया की अध्यक्षता में शनिवार को किसान भवन में हुई। किसानों की बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के आहवान पर 20 मार्च को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई और भाकियू पदाधिकारियों की डयूटियां लगाई गई है। सोनू मालपुरिया ने कहा कि पानीपत जिला के किसानों ने दिल्ली कूच को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है और जिला के सभी ब्लाकों से हजारों की संख्या में किसान दिल्ली कूच करेंगे। वहीं सोनू मालपुरिया ने कहा कि किसानों के 20 मार्च के दिल्ली कूच को लेकर सरकार डरी हुई है और किसानों को रास्ते में भी रोका जा सकता है।
इसलिये जिला के बहुत से किसान तो ट्रेनों व बसों द्वारा दिल्ली पहुंचेंगे। जबकि बाकि किसान 20 मार्च को सुबह 9 बजे पानीपत किसान भवन और सुबह 9.30 बजे समालखा किसान भवन से दिल्ली के लिये रवाना होगे। जिला के सभी ब्लाकों के किसान बहालगढ़ में एकत्रित होकर वहां से दिल्ली के रामलीला ग्राउंड के लिये शांतिपूर्वक ढंग से कूच होगे।

# सांसद रमेश कौशिक, विधायक पंवार ने वितरित की शॉल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा** के पूर्व पुलिस महानिदेशक लायक राम डबास की स्मृति में डबास परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद रमेश कौशिक, विधायक सुरेंद्र पंवार ने एल्डिको काउंटी के सभी कर्मचारियों को शॉल वितरित की। डबास की धर्मपत्नी डॉ. गीता डबास ने सभी मेहमानों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।
एल्डिको काउंटी क्लब में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने पूर्व डीजीपी एवं एल्डिको काउंटी आरडब्ल्यूए के संस्थापक अध्यक्ष लायक राम डबास के प्रशासनिक, सामाजिक योगदान को याद किया। साथ ही उनके द्वारा किए सामाजिक कार्यों की जमकर तारीफ की।
सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि उनका लायक राम डबास से व्यक्तिगत तौर पर कई दशक पुराना संबंध था। वह बेहद उजार्वान अधिकारी थे। हरियाणा पुलिस में विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किये। वह हमेशा आमजन की प्राथमिकता पर सुनवाई करते थे।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि 1984 बैच के आईपीएस अधिकारी लायक राम डबास की कार्यशैली हर किसी को प्रभावित करने वाली थी। उन्होंने उनके कामकाज के तौर तरीकों को नजदीक से देखा है। सेवानिवृत होने के बाद भी आरडब्ल्यूए से जुड़कर अपनी टाउॅनशिप के लिए बेहतरीन कार्य किया। उन्होंने हर क्षेत्र में एक जिम्मेदार नागिरक की भूमिका अदा की है। जिससे आज भी याद किया जाता है। आरडब्ल्यूए एल्डिको काउंटी के अध्यक्ष एवं पूर्व सहायक निदेशक आईबी दिलबाग दहिया, लायक राम डबास के बेटे नवदीप डबास, आरडब्ल्यूए चेयरमैन सरदार कृपाल सिंह, महासचिव विनोद धनखड़, मंच संचालक अजीत आंतिल, समाज सेवी प्रदीप गुलिया, सेवानिवृत नेवी कमांडर सत्यपाल मलिक,संजय शर्मा, नरेंद्र डुडेजा, सुनील नैन, सूबे सिंह पायल व जिला व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय सिंगला भी मौजूद रहे।



# फ्लाईओवर के मरम्मत कार्य का आतिशी ने किया निरीक्षण

## आम लोगों को ट्रैफिक जाम से जल्द निजात मिले इसके लिए पीडब्ल्यूडी चिराग फ्लाईओवर पर दिन-रात युद्धस्तर पर काम कर रही है

**विकास कार्य...**

**लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर फ्लाईओवर के एक हिस्से को बंद किया गया है। इस कारण उस पर ट्रैफिक बढ़ गया है**





**टीम एक्शन इंडिया/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** शराब घोटाला मामले सीबीआई द्वारा मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आप विधायक आतिशी और सौरभ भारद्वाज को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। आतिशी ने मंत्रालय संभालते एक्शन मोड में आते हुए दिल्ली में चल रहे विकास कार्यों पर नजर रखना शुरू कर दिया है। अब शनिवार को आतिशी चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर जारी मेंटेनेंस कार्य का निरीक्षण करने पहुंची हैं।

**पीडब्यूडी अधिकारियों संग किया निरीक्षण:** आतिशी ने चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के निरीक्षण की जानकारी अपने ट्विटर हैंडल पर तस्वीरें साझा कर दी है। इन तस्वीरों में आतिशी पुलिस ट्रैफिक पुलिस और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर रही हैं और मेंटेनेंस कार्य पर चर्चा कर रही हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि आम लोगों को ट्रैफिक जाम से जल्द निजात मिले इसके लिए पीडब्ल्यूडी चिराग फ्लाईओवर पर दिन-रात युद्धस्तर पर काम कर रही है। आपको बता दें कि पीडब्ल्यूडी दिल्ली समय-समय पर जरुरत के अनुसार, फ्लाईओवरों की मरम्मत का कार्य करती है। इसी दिशा में वर्तमान में चिराग दिल्ली फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर फ्लाईओवर के एक हिस्से को बंद किया गया है। इस कारण उस पर ट्रैफिक बढ़ गया है।

**जल्द काम पूरा करने के दिए निर्देश:** मरम्मत का कार्य पूरा करने में 50 दिन का समय लगेगा, लेकिन पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मरम्मत के काम को दोगुनी रफ़्तार से करते हुए उसे महीने भर के भीतर पूरा किया जाए।

## आबकारी घोटालाः वाईएसआर कांग्रेस सांसद के बेटे की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार वाईएसआर कांग्रेस के सांसद मगुंटा एस रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा रेड्डी की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने यह आदेश दिया। कोर्ट ने मगुंटा को चार मार्च को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। उससे पहले 21 फरवरी को कोर्ट ने चार मार्च तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 11 फरवरी को कोर्ट ने मगुंटा को 21 फरवरी तक की ईडी हिरासत में भेजा था।

ईडी ने राघव मगुंटा को 11 फरवरी को गिरफ्तार किया था। ईडी ने मगुंटा एग्रो फार्म प्रा.लि. के बारे में बताया कि राघव रेड्डी ही मगुंटा एग्रो फार्म प्रा.लि. को चलाते थे और उससे जुड़े सभी फैसले भी लेते थे।

# अधिवक्ता कल्याण योजना से जुड़े मामले में मांगा जवाब




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मुख्यमंत्री** अधिवक्ता कल्याण योजना में खर्च के 50 करोड़ रुपये से अधिक होने पर बार काउंसिल आफ दिल्ली को योगदान करने का निर्देश देने संबंधी एकल पीठ के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा व न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद की पीठ ने नोटिस जारी करते हुए सुनवाई स्थगित कर दी।

**सभी के लिए लागू होती हैं सरकारी योजनाएं-** अपीलकताओं की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता केसी मित्तल और अजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि सरकारी योजनाएं सभी के लिए लागू होती हैं और भेदभावपूर्ण नहीं हो सकती हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट की एकल पीठ ने वर्ष 2021 में कहा था कि सरकार के बजट राशि में साल-दर-साल हो रहे घाटे को बार काउंसिल द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा।अदालत ने कहा था कि बार काउंसिल अपने स्वयं के धन का उपयोग कर सकती है।

# आप के विधायकों को भाजपा धमका रही है : राघव चड्ढा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी ने शनिवार को आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी उनके विधायकों को धमकी दे रही है कि उन्हें भी उपमुख्यमंत्री की तरह जेल पहुंचा दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने यहां प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा कई बार उनके विधायकों को तोड़ने की कोशिश करती रही है, लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पाई। आप के पास बड़ा बहुमत है, लेकिन भाजपा अविश्वास प्रस्ताव के नाम पर विधायकों को खरीदकर सरकार गिराना चाहती है। उल्लेखनीय है कि भाजपा विधायकों ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश करना चाहा था।

# दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर बिछ गए ओले, गर्मी से राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में शनिवार दोपहर को तेज बारिश को हुई, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। दिल्ली से सटे नोएडा में तो ओले भी गिरे है। ओले गिरने की वजह से वाहनों के पहिए भी थम गए। बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में सुबह भी बारिश हुई थी, जिसके बाद से ही मौसम में ठंडक थी। मौसम विभाग ने पहले ही बता दिया था कि इस सप्ताह के अंत में बारिश के आसार बन सकते है। नोएडा में जगह-जगह पेड़ गिरे हैं तो वाहनों की रफ्तार भी थम गई, लेकिन वर्षा और ओले पड़ने के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वर्षा से पहले आसमान में काले बादल छाए गए जिससे दिन में अंधेरा छा गया। इसके बाद 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चली।



**गर्मी से मिली राहतः** दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वर्षा के साथ ही ओले भी पड़े। वर्षा से गर्मी से बेहाल लोगों को राहत मिली एवं मौसम सुहावना भी हो गया। करीब 15 मिनट तक ओला की वर्षा होती रही। वर्षा के कारण तापमान में गिरावट हुई हैं। अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 17 रहा। शनिवार को तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है। तेज हवाओं के साथ झमाझम वर्षा व ओला पड़ने से कई जगह फसल को नुकसान हुआ है। मौसम विज्ञानी के अनुसार अरब सागर और भूमध्य सागर से उठने वाली हवाओं के साथ ही हवा के कम दबाव की वजह से मौसम में परिवर्तन आया है। इसकी वजह से कहीं तेज तो कहीं हल्की वर्षा हुई। वर्षा के बाद डीएनडी टोल प्लाजा से ग्रेटर नोएडा की ओर उतरने वाले लूप तक जाम रहा। दिल्ली से नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाले वाहन चालक जाम में फंसे।

**थमे वाहनों के पहिए**

**आसमान में काले बादल छाए गए जिससे दिन में अंधेरा छा गया। इसके बाद 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चली**

**प्रदूषण में हुआ सुधारः** दिल्ली एनसीआर में बारिश होने के बाद हवा में भी खासा सुधार देखने को मिला। सीपीसीबी ने प्रदूषण को लेकर जारी किए गए एयर क्वालिटी बुलेटिन के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली का अदक 188 रहा। बता दें कि इस स्तर की हवा को 'मध्यम' श्रेणी में रखा जाता है। वहीं गुरुवार को अदक259 था। दिल्ली से सटे शहरों में फरीदाबाद का एक्यूआइ 180, गाजियाबाद का 166, ग्रेटर नोएडा का 191, गुरुग्राम का 154 और नोएडा का 214 दर्ज किया गया।

# डीटीसी क्लस्टर बस ने महिला को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में डीटीसी क्लस्टर बस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। महिला स्कूटी पर सवार थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके अलावा स्कूटी को भी कब्जे में ले लिया है।

महिला(40) नरेला की रहने वाली थी। यह हादसा एफसीआई गोदाम मुख्य बवाना रोड के सामने हुआ था। पीड़िता के पति की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# धोखाधड़ी के मामले में सुकेश को 14 दिन की न्यायिक हिरासत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के पटियाला हाउस कोर्ट ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड के पूर्व प्रमोटर मलविंदर सिंह की पत्नी जपना सिंह से 3.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार सुकेश चंद्रशेखर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में ईडी ने सुकेश को 16 फरवरी को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। ईडी ने सुकेश को मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक जपना का पति मलविंदर सिंह जेल में बंद था। उसको लेकर जुलाई 2021 में सुकेश ने जपना को लैंडलाइन नम्बर से कॉल कर खुद की पहचान विनोद राज गोपालन के रूप ने बताई और कहा कि लॉ सेक्रेटरी आप से बात करना चाहते हैं। उसके बाद लैंडलाइन नंबर से फिर एक कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को लॉ सेक्रेटरी बताया और उसने मलविंदर सिंह की तिहाड़ में सुरक्षा का हवाला देकर उनसे सहयोग करने की बात कही थी। ईडी ने कहा कि खुद को लॉ सेक्रेटरी बताने वाले कॉलर ने कहा कि उसकी होम मिनिस्ट्री में बात हो गई है और होम मिनिस्ट्री मलविंदर की मदद करना चाहते हैं। उसकी मदद के लिए कृष्ण कुमार आपसे मिलेंगे और आगे की बात करेंगे। ईडी ने बताया कि जब शिकायतकर्ता ने उस लैंडलाइन नम्बर को ट्रूकॉलर पर चेक किया तो उसमें भी होम मिनिस्ट्री का ही नंबर दिखाई दिया। उसके बाद ही जपना सिंह को विदेशी नंबर से एक फोन आया, जिसमें उसने खुद को कृष्ण कुमार बताया, जिससे 25 जुलाई, 2021 तक बात हुई। शिकायतकर्ता से करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये सुकेश ने अलग-अलग तारीख पर वसूले और धोखाधड़ी की गई। ईडी ने कहा कि शिकायतकर्ता से पैसा पीएम केअर फंड के नाम से फर्जी एकाउंट में ट्रांसफर करवाये गए, जिसकी बाकायदा रसीद भी शिकायतकर्ता को भेजी गई। इसके अलावा हांगकांग की एक फर्जी कंपनी के खाते में भी पैसा ट्रांसफर करवाया गया।

सुकेश के खिलाफ रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह से कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की ठगी का मामला भी चल रहा है। सुकेश के खिलाफ एआईएडीएमके सिंबल मामले में निर्वाचन आयोग को रिश्वत देने की कोशिश का मामला भी लंबित है।

**फर्जीवाड़ा**

**पूर्व प्रमोटर शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह से कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की ठगी का मामला भी चल रहा**

# लास्ट माइल कनेक्टिविटी: छोटे वाहनों में भी एक ही प्रणाली से होगा किराये का भुगतान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**परिवहन** प्रणाली को विश्वस्तरीय बनाने व अंतिम छोर तक पहुंचने के लिए सुविधा को सबसे पहले सुदृढ़ करना जरूरी है। इसके लिए ई रिक्शा, ऑटो या फीडर बसों की सुविधाओं में विस्तार के साथ-साथ इसे नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) के तहत जोड़ने पर काम चल रहा है। इससे मेट्रो, बस यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए बार-बार किराये का भुगतान नहीं करना होगा। मेट्रो और बसों में इस्तेमाल की जा रही तकनीक का इन वाहनों के किराये के लिए भी इस्तेमाल कर सके, इसके लिए ट्रायल भी चल रहा है। एक ही कार्ड का सभी परिवहन साधनों के लिए किराये का भुगतान करने की सुविधा मुहैया करने की कवायद चल रही है। इसके सफल होने पर दिल्लीवासी कम समय में गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

लास्ट माइल कनेक्टिविटी के तौर पर ई-रिक्शा, ऑटो के अलावा फीडर बसें चल रही हैं। मेट्रो की फीडर बसें भी अब परिवहन विभाग चलाएगा। बस यात्रियों को भी बस स्टॉप से आगे जाने के लिए ई-रिक्शा और ऑटो का विकल्प है। वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई), इंडिया के प्रोग्राम हेड (परिवहन) सुदीप्त मैती का कहना है कि लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए भी पेमेंट का तरीका आसान करने से यात्रियों को फायदा होगा। इससे सभी परिवहन सुविधाओं के लिए एक ही तकनीक पर आधारित नए विकल्प की तलाश जारी है। पायलट परियोजना के तौर पर इसका अध्ययन किया जा रहा है।

**बढ़ेंगी सुविधाएं**

- लास्ट माइल कनेक्टिविटी से मेट्रो और बसों की राइडरशिप बढ़ेगी
- यात्रियों को कम वक्त और खर्च में सफर आसान होगा
- समय की पाबंदी जरूरी है, क्योंकि यात्रा के समाप्त होने तक अगर किसी भी जगह देरी होती है तो इसका असर यात्रियों पर पड़ता है
- कम चौड़ाई वाली सड़क पर भी आसानी से छोटे वाहन चल सकते हैं। इसके लिए ई वाहनों के इस्तेमाल से प्रदूषण भी कम होगा
- अगर किसी मार्केट या सार्वजनिक स्थल पर वाहन प्रतिबंधित हैं तो वहां साइकिल या पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ को बेहतर बनाना चाहिए
- ई-साइकिल और पैदल चलने वाले को खास तवज्जो देने की जरूरत है

# गला काटने के बाद असलहा लेकर भीड़भाड़ वाले इलाके में लगाई दौड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** नाथू कॉलोनी चौक के पास से गुजर रहे लोगों में उस समय हड़कंप मच गया जब खून से लथपथ एक शख्स हाथ में पिस्टल लिए भागने लगा। उसके गले से खून बह रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम में से एक पुलिसकर्मी को उसने घायल कर दिया। घायल शख्स को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, 16 मार्च को एमएस पार्क पुलिस स्टेशन में शाम 6:40 और 6:50 बजे दो पीसीआर कॉल प्राप्त हुईं कि कृष्ण शेरवाल नामक एक व्यक्ति ने चाकू से अपना गला काट लिया है और नाथू कॉलोनी चौक के पास चाकू और पिस्तौल लेकर सार्वजनिक स्थान में भाग रहा है। जिसके हाथ में पिस्टल है और उसने फायरिंग भी की। पुलिस ने 307 और आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, कृष्ण शेरवाल अपनी पत्नी से अलग हो गया था। साथ ही वह डिप्रेशन का भी शिकार है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा है आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available

- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच

आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे




DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre

BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606

MEDICAL FACILITIES AVAILABLE

ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

# चैत्र नवरात्र में प्रदेश सरकार की 'नई पहल'

## शासन की मंशा के अनुरूप देवी मंदिर होंगे भक्तिमय



**टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा/लोकेश चौधरी**

**शासन के निर्देश** पर जिला प्रशासन व सांस्कृतिक विभाग के माध्यम से 22 से 30 मार्च तक चैत्र नवरात्रि व श्रीरामनवमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर 22 से 30 मार्च तक चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि विधान के साथ पूजा की जाती है। वैदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा मुक्ति का आधार माना गया है। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे चारों ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर प्रदेश में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन प्रदेश सरकार के निर्देश पर सांस्कृतिक विभाग व जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। चैत्र नवरात्रि की इन शुभ तिथियों में प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप विशेष अभियान चलाते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को इन कार्यक्रमों में विशेष रूप से सहभागिता कराने के लिए प्रदेश के देवी मन्दिरों एवं शक्तिपीठों में उक्त सम्पूर्ण अवधि में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन व देवी जागरण के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिसके अन्तर्गत 29 से 30 मार्च अष्टमी एवं श्री रामनवमी के अवसर पर प्रमुख शक्तिपीठ मंदिरों में मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार प्रसार व जनसामान्य को इससे जोड़ने के लिए अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन जनपद स्तर पर तहसील स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर समितियों का गठन करके सम्पन्न कराये जायेंगे। प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को शासन स्तर पर निर्देशित किया गया है कि अपने जनपद में चयनित देवी मन्दिरों व शक्तिपीठों में कलाकारों का चयन कर समिति का गठन करें तथा समस्त कार्यक्रम मां दुर्गा की महिमा के अनुरूप आयोजित कराये जायेंगे। यह आयोजन प्रदेश स्तर पर आयोजित किये जायेंगे तथा समस्त देवी मंदिर के प्रांगण में होर्डिंग लगा कर प्रदेश सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं का भी प्रचार प्रसार किया जायेगा। नवरात्रि की शुभ तिथियों में प्रदेश के समस्त देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में भव्य पूर्ण देवी गायन व दुर्गा सप्तशती पाठ तथा अखण्ड रामायण पाठ के साथ-साथ झांकियों का प्रदर्शन भी किया जायेगा। **सेमरी** में चैत्र नवरात्रि के आगामी 22 मार्च से शुरू होने वाले मेले को लेकर तहसील प्रशासन सख्त है मेले परिसर में उप जिला अधिकारी श्वेता सिंह क्षेत्राधिकारी गौरव त्रिपाठी वर्क छाता कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार दुबे एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने जिसमें नरी सेमरी देवी भवन को स्वच्छ रखने कुंड की साफ सफाई श्रद्धालुओं के लिए पानी की व्यवस्था के साथ साथ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए।

# युवक ने जेवरात लेकर भागने की कौशिका की, दुकानदारों ने पकड़ा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**सुनारो** वाली गली में शुक्रवार की शाम को सोने के जेवरात खरीदने आए फर्जी उपभोक्ता ने सोने के जेवरात से भरा डिब्बा लेकर भागने की कौशिक की। लेकिन दुकानदार ने शोर मचाया तो गली के अन्य दुकानदारों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को हवाले कर दिया। उसके बाद दुकानदार ने पुलिस के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस को दी शिकायत में सुनारों वाली गली में औम ज्वेलैस के संचालक सोमदत ने बताया कि 17 मार्च शुक्रवार की शाम को करीब 7 बजे एक ग्राहक ज्वेलरी खरीदने के लिए आया और ज्वेलरी दिखाने के लिए कहने लगा। उसके बाद वह उसे ज्वैलरी दिखाने लगा। जब एक डिब्बा ज्वेलरी दिखा तो वह दूसरे डिजायन की दिखाने के लिए कहने लगा। उसके वह वह दूसरा ज्वेलरी का डिब्बा उठाने लगा तो वह मौका देखकर पहला डिब लेकर भागने लगा।

## न्यूज फ्लैश

### पानीपत ग्रामीण हलका नेता विजय जैन पार्षद की पदयात्रा आज

**पानीपत:** पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष एवं ग्रामीण हलके के लोकप्रिय नेता विजय जैन के राजनीतिक सलाहकार सतपाल राणा ने शनिवार को यहां बताया है कि रविवार को सुबह वरिष्ठ नेता विजय जैन के नेतृत्व में चल रही जनसंपर्क पदयात्रा का दूसरा चरण देवी मंदिर रोड स्थित भावना चौक से प्रारंभ होगा। जिसमें भाई विजय जैन घर-घर जाकर के लोगों की समस्याएं सुनेंगे और यह समस्याएं सरकार के समक्ष रखकर उनका हल कराने का प्रयास करेंगे। राणा ने बताया है कि जनसंपर्क पदयात्रा का पानीपत ग्रामीण हल्के में जनता द्वारा भव्य स्वागत और समर्थन किया जा रहा है। यह पदयात्रा रविवार को सुबह 4 घंटे और शाम को फिर 4 घंटे करने का निर्णय लिया गया है। सतपाल राणा ने बताया कि शाम की पदयात्रा 5 बजे हरि सिंह चौक नूरवाला से शुरू होगी और उसका समापन मोतीराम कॉलोनी में किया जाएगा।

### जजपा शहरी हलका प्रधान सोहन लाल बठला ने की दिग्विजय चौटाला से मुलाकात



**पानीपत,18 मार्च/टीम एक्शन इंडिया।** जननायक जनता पार्टी के पानीपत शहरी हलका अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी सोहन लाल बठला ने शनिवार को दिल्ली असोला फार्म हाउस पर जजपा के प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला से मुलाकात की और पार्टी गतिविधियों को लेकर चर्चा की। वहीं सोहन लाल बठला ने दिग्विजय सिंह चौटाला और लगन चौटाला को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने सोहन लाल बठला को पानीपत शहर में पार्टी संगठन को और ज्यादा मजबूत करने का आहवान किया।

### जियोमार्ट ने भारत में बुनकर और कारीगर समुदाय को सशक्त बनाने के लिए 'क्राफ्ट मेला' शुरू किया

**अमृतसर।** भारत के प्रमुख स्वदेशी ई-मार्केटप्लेस में से एक, रिलायंस रिटेल के जियोमार्ट ने आज सबसे बड़े हथकरघा और हस्तशिल्प स्टोरफ्रंट में से एक 'क्राफ्ट मेला' के रोल-आउट की घोषणा की। ग्राहकों को 'मेड इन इंडिया' उत्पाद दिखाने के लिए स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को सशक्त बनाने के अपने दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, जियोमार्ट भारत की समृद्ध हस्तकला विरासत को मंच पर विशेष रूप से बढ़ावा देकर उन्हें प्रमुखता देता है। ग्राहकों को एक ऑफलाइन प्रदर्शनी के ऑनलाइन संस्करण को देखने का अवसर मिलेगा, जहां वे 17-19 मार्च तक भारतीय हस्तशिल्प के बारे में जानेंगे और अद्वितीय उत्पादों के प्रदर्शन से प्रसन्न होंगे। शिल्प मेले के माध्यम से, जियोमार्ट भारत के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 10,000+ कारीगरों और बुनकरों के जीवन को प्रभावित करेगा। जियोमार्ट पहले ही 600+ विक्रेताओं और मास्टर कारीगरों को जोड़ चुका है। उपभोक्ता भारत के वास्तविक सार को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों के 85,000 से अधिक उत्पादों में से चुन सकते हैं। जियोमार्ट के सीईओ संदीप वरगंती ने कहा, जियोमार्ट ई-कॉमर्स के माध्यम से भारत में स्थानीय कारीगर और बुनकर समुदाय को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। हम उनके कारोबार को बढ़ाने, भारतीय शिल्प को संरक्षित करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में उनकी मदद करना चाहते हैं। इस तरह की पहल विक्रेताओं को एक विविध ग्राहक आधार के लिए अपने माल को ऑनलाइन सूचीबद्ध करने और बेचने के लिए एक मंच प्रदान करती है।

### अरिजीत सिंह ने अपना नया दिलकश गाना-बैरिया रिलीज किया

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लोकप्रिय गायक, अरिजीत सिंह ने अपने लेटेस्ट सिंगल "बैरिया", एक सूफी, सॉफ्ट रॉक रोमांटिक कथागीत को रिलीज किया है। अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखा गया और गोल्डी सोहेल द्वारा रचित, प्रतिभावान अभिनेता गुरफतेह पीरजादा और अंगिरा धर की विशेषता वाला यह ट्रैक सुनने वालो को एक भावनात्मक यात्रा पर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमारे आशीर्वादों की गणना करने और हमारे पास जो कुछ भी है उसके लिए एहसानमंद होने के महत्व की याद दिलाते हुए, "बैरिया" एक खास निर्माण है जो कुशल रचना की पृष्ठभूमि में एक सरल और प्रभावशाली कहानी को समाहित करता है। नवजीत बुट्टर द्वारा निर्देशित इस वीडियो में प्रतिभावान गुरफतेह और ग्लैमरस अंगिरा को दिखाया गया है, जो जिंदगी के उतार-चढ़ाव और एक-दूसरे के लिए किए गए बलिदानों के जरिए एक साधारण, मध्यमवर्गीय युगल की यात्रा की दुखद प्रेम कहानी को दिखलाता है। 'बैरिया' के ऑडियो और विजुअल का जोड़ उन भावनाओं को प्रदर्शित करता है,जिन्हें आसानी से समझाया नहीं जा सकता।

# आर्य कॉलेज की हिमांशी मलिक ने राष्ट्रीय पर तीरंदाजी में जीता गोल्ड



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**आर्य** पीजी कॉलेज की छात्रा हिमांशी मलिक ने गुजरात के केवडिया एकता नगर में 12 से 15 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर कॉलेज के साथ ही पानीपत जिला का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने छात्रा हिमांशी का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर उसके उज्वल भविष्य की कामना की व साथ ही उन्होंने कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश सैनी, प्राध्यापिका मामनी सैनी, डॉ. राजेश टूर्ण व राजेंद्र देशवाल सहित सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि 12 से 15 मार्च तक गुजरात के कावडि ?ा एकता नगर में राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें आर्य कॉलेज बीए अंतिम वर्ष की छात्रा हिमांशी मलिक ने टीम में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होने बताया कि इस गोल्ड मेडल को जीतने के साथ ही हिमांशी का चयन खेलो इंडिया के लिए यूनिवर्सिटी टीम में भी सिलेक्शन हो गया है।

## ब्रज की पहचान रही प्रसिद्ध मिठाई के नाम पर मिलावट

**मथुराः** मथुरा वृंदावन में इन दिनों मिलावट खोर मिलावट करके लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करते हुए आए दिन नजर आते ही रहते हैं। ऐसा ही एक प्रश्न इन दिनों मथुरा वृंदावन की एक मशहूर खाद्य पदार्थ के साथ किया जा रहा है। यह खाद्य पदार्थ मथुरा वृंदावन ही नहीं बल्कि देश विदेश में भी मशहूर है। जब कभी आप रेलवे के माध्यम से यात्रा करते हैं, तो जगह-जगह आपको सुनने का मिलेगा की मथुरा के सबसे प्रसिद्ध पेड़ा और आगरा के सबसे प्रसिद्ध पेठा का प्रचलन है, लेकिन मथुरा वृंदावन की इस प्रसिद्ध मिष्ठान के साथ मिलावटखोर खिलवाड़ कर रहे हैं और साथ ही लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने में लगे हुए हैं। वही मथुरा खाद्य विभाग की टीम आए दिनों लगातार ऐसे मिलावटखोरों के खिलाफ कार्यवाही करती रहती है।

# पानीपत अनाज मंडी के आढ़ती अब अपनी दुकान पर सरकार को नहीं बेचेगे सरसों

## अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने मंडी में बैठक करके लिया है फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**पानीपत की** नई अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन की बैठक शनिवार को एसोसिएशन के उप प्रधान दुलीचंद गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अनाज मंडी एसोसिएशन ने फैसला लिया कि शनिवार से कोई भी आढती अपनी दुकान पर सरकार को सरसों नहीं बेचेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने सरसो को लेकर जो मापदंड बनाये है, वे चलने वाले नहीं है। इन मापदंडों के अनुसार यदि किसी आढ़ती की दुकान से सरसो की खरीद हुई तो आढ़तियों को निश्चित रूप से नुकसान होना तय है। वहीं अनाज मंडी के उपप्रधान दुलीचंद व महासचिव दिनेश ने बताया कि सरकार ने एक क्विंटल सरसो में तेल की मात्रा कम से कम 38 लीटर तय कर दी है और यदि सरकार द्वारा खरीदी गई सरसो में उस मात्रा में तेल नहीं निकला तो उसका हजार्ना कहा जा रहा है कि आढ़ती से लिया जाएगा। जबकि सरसो की खरीद के बाद तोल होने पर यदि हैफेड कई दिनों तक मंडी से सरसो की बोरियां का उठान नहीं करता तो सरसो सुखने से उसका वजन कम हो जाएगा और कहा जा रहा है कि आढ़ती को ही सरसो का वजन पूरा करना पड़ेगा। इस बारे में आढ़ती अशोक लठवाल, विरेंद्र कादियान, हवा सिंह कादियान, ईश्वर सिंह कादियान, विक्की, संजु व रविंद्र आदि ने कहा कि सरकार द्वारा आढ़ती को तो सिर्फ सवा प्रतिशत कमीशन दी जाएगी लेकिन सरसो में तेल कम निकलने से हजार्ना ज्यादा देना पड़ेगा। इसलिये आढ़तियों ने अपनी दुकानों पर सरसो की सरकारी खरीद नहीं करवाने का फैसला लिया है। लेकिन यदि किसान भाई अपनी सरसो को प्राईवेट खरीद एजेंसी को बेचना चाहे तो वे आढ़ती की दुकान पर बेच सकता है। किसान अपनी सरसो को अनाज मंडी में स्थित सरकारी दुकान पर हैफेड को बेच सकते है।

# गौतस्करों ने चलती गाड़ी से फेंकी 8 गाय, गौभक्तों ने किया पीछा

## गौभक्तों की दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त, 60 किलोमीटर तक किया पीछा, पुलिस सहायता न मिलने का लगाया आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

**हरियाणा** में गो भक्तों की सरकार होने की दावा करने वाली भाजपा की गठबंधन सरकार में समय पर पुलिस सहायता न मिलने पर गौ तस्कर भागने में कामयाब रहे । वही अपनी जान पर खेलकर गौभक्तों एवं सरपंचों की टीम की चार गाड़ियां दो घण्टे में 60 किलोमीटर तक गौतस्करों का पीछा करती रही। इस दौरान गौतस्करों द्वारा पिकअप में रस्सों के सहारे बांधकर डाली गई गायों को गौभक्तों की गाड़ियों के सामने गिराने के साथ-साथ 5-6 राउंड फायरिंग भी की। रात को करीब 12 बजे गांव सुरजनवास नहर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में जब कुछ लोगों को पिकअप गाड़ी के नजदीक खड़ा देखा तो कुछ सुरजनवास के सरपंच तथा उसके दो अन्य साथी सरपंचों ने उनसे पूछताछ की। गौ भक्तों एवं सरपंचों का आरोप है कि जब वह रात के समय सहायता के लिए कनीना स्थित शहर थाने में पहुंचे तो वहां उनके साथ बदतमीजी की गई और सुबह आने को कहा गया। रास्ते में एक पीसीआर भी मिली जो कुछ देर तक गाड़ी के पीछे रही पर उसने किसी प्रकार की नाकाबंदी वगैरह नहीं करवाई फल स्वरुप गौ तस्कर भागने में सफल रहे।

> 8 गायों को गौभक्तों की गाड़ियों के सामने गिराने के साथ-साथ 5-6 राउंड फायरिंग भी की

**डायल 112 पर किया कॉलः** इसके बाद पिकअप में देखा तो आठ से दस गायों को रस्सों के सहारे बुरी तरह ठूंसकर बांधा गया था। यह खबर रात को ही आसपास के क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। गांव के सरपंचों ने इसकी सूचना अपने मित्रों को दी। इसके बाद चार गाड़ियों से गौतस्करों का पीछा किया गया। गौभक्तों द्वारा 100 व 112 पर करीब 10 बार कॉल करने के बावजूद भी कोई सहयोग नहीं मिला। सुरजनवास के सरपंच संजय तथा मुडायन सरपंच प्रदीप का आरोप है कि रास्ते में एक पीसीआर मिली जिसने थोड़ी दूर पिकअप का पीछा किया लेकिन उसने किसी प्रकार की नाकेबंदी नहीं करवाई। उन्होंने पुलिस से सहयोग न मिलने का खुला आरोप लगाया।

**गौभक्तों की दो गाड़ियों को किया क्षतिग्रस्तः** जब गौभक्तों और 3 गांव के सरपंच द्वारा द्वारा चार गाड़ियां गौतश्करों के पीछे लगाई गई तो उन्होंने पत्थरबाजी कर गाड़ियों के शीशे भी क्षतिग्रस्त कर दिए। चार लोगों को हल्की चोटें भी आई। गौतस्कर पिकअप गाड़ी से पीछे लगी गाड़ियों के सामने गायों को फेंकते रहे। उन्होंने पूरे रास्ते 8 गायों को सड़क पर फेंका। गांव सुरजनवास, खेड़ा, बवानियां, गागड़वास, बचीनी, नांगल हरनाथ, झगड़ोली, बुचावास, कैमला, पाथेड़ा, अगिहार, खेड़ी-तलवाना, बाघोत होते हुए गांव झाड़ली तक करीब 60 किलोमीटर गौतश्करों का पीछा किया लेकिन इस दौरान महज एक गश्ती की पीसीआर साथ रही लेकिन गौतश्करों को पकड़ नहीं पाए।

## भारतीय स्टार्टअप्स के लिए आईसीआईसीआई बैंक का स्टार्टअप इकोसिस्टम बैंकिंग का ऑफर

**गाजियाबाद।** आईसीआईसीआई बैंक ने आज घोषणा की कि वह स्टार्टअप्स की बैंकिंग संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजिटल और फिजिकल सॉल्यूशंस की एक पूरी रेंज प्रदान करता है। बैंक अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से इनोवेटिव सॉल्यूशंस प्रदान करता है। ये सभी सुविधाएं गुजरात स्थित उभरते वैश्विक वित्तीय और आईटी सेवा केंद्र गिफ्ट सिटी में स्थित शाखा में भी प्रदान की जाती हैं। बैंक का स्टार्टअप इकोसिस्टम बैंकिंग ऑफर ट्रेजरी और लेनदेन बैंकिंग समाधान, ऋण समाधान, डिजिटल एकीकरण, एफडीआई और नियामक अनुपालन संबंधी सेवाएं प्रदान करता है। साथ ही यह कर्मचारियों और संस्थापकों के लिए व्यक्तिगत बैंकिंग सेवाएं भी उपलब्ध कराता है। आईसीआईसीआई बैंक अपने घरेलू नेटवर्क और न्यूयॉर्क, टोरंटो, लंदन, दुबई, सिंगापुर और हांगकांग में अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी के माध्यम से कॉम्प्रिहेंसिव सॉल्यूशंस प्रदान करता है। गिफ्ट सिटी में बैंक की उपस्थिति से इकोसिस्टम बैंकिंग को और विस्तार मिला है। राजेश राय, बिजनेस हेड- वेस्ट एंड साउथ, ब्रांच बैंकिंग, आईसीआईसीआई बैंक ने कहा, ह्यह्यहमारा देश दुनिया में तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में उभरा है, जो देश की जीवंत और इनोवेटिव स्टार्टअप संस्कृति को रेखांकित करता है। आईसीआईसीआई बैंक में हम नए युग के इन कारोबारों को उनके विभिन्न चरणों में सुविधाजनक और टैक्नोलॉजी आधारित समाधानों के माध्यम से बेहतर सुविधा प्रदान करते हैं। हमारे व्यापक स्टार्टअप इकोसिस्टम बैंकिंग के माध्यम से, हम भारतीय स्टार्टअप्स की उभरती आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करते हैं और उनकी विकास यात्रा में उनका पसंदीदा बैंक बनने का लक्ष्य रखते हैं।

## विशेष अभियान के माध्यम से ल्यूमिनस महिलाओं के लिए एनर्जी सेक्टर में क्राँति ला रहा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

एनर्जी सेक्टर में महिला प्रतिनिधित्व की कमी दुनिया भर में विचारणीय मुद्दा है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। भारत में एनर्जी सेक्टर के तहत महिलाएँ विभिन्न चुनौतियों का सामना करती आ रही हैं, जिनमें सांस्कृतिक पक्षपात, सीमित अवसर व प्रशिक्षण और शिक्षा तक अपर्याप्त पहुँच शामिल है। इस मुद्दे को संबोधित करने और एनर्जी इंडस्ट्री में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत भारत के सबसे भरोसेमंद पॉवर सॉल्यूशन ब्रांड, ल्यूमिनस ने एक नए अभियान #वुमनइनएनर्जी की नींव रखी है, जिसकी शुरूआत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर की गई।इस अभियान का उद्देश्य एनर्जी सेक्टर में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को प्रोत्साहित करना और इंडस्ट्री में महिलाओं द्वारा निभाई जा सकने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालना है।

# मुक्ताकाशीय रंगमंच पर तीन दिन बहेगी सांस्कृतिक रसधारा

## प्रख्यात कलाकार और कवि अगले तीन दिन देंगे शानदार प्रस्तुतियां

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा, उ.प्र. पर्यटन एवं जिला प्रशासन मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में जुबली पार्क स्थित मुक्ताकाशीय रंगमंच पर चल रहे पांच दिवसीय रंगोत्सव-2023 के अंतिम तीन दिन 19, 20 व 21 मार्च 2023 को भव्य और मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। तीनों दिन स्थानीय व बाहर के नामचीन कलाकार

> 8 तीनों दिन स्थानीय व बाहर के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुत देंगे व इसी बीच कवि सम्मेलन भी होगा

अपनी प्रस्तुत देंगे व इसी बीच कवि सम्मेलन भी होगा। इसमें देश के प्रख्यात कविगण भाग लेंगे।

उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने इस वर्ष के रंगोत्सव को और व्यापक रूप दिया है। हाल ही में परिषद द्वारा नये कलेवर में तैयार कराए गए डैंपियर नगर के भव्य मुक्ताकाशीय रंगमंच को रंगोत्सव के लिए चुना है। मथुरा शहर में जन्मस्थान के अलावा मुक्ताकाशीय रंगमंच पर भी पहली बार पांच दिवसीय होली का रंगोत्सव मनाया जा रहा है। पहले दिन 17 मार्च को बड़ी संख्या में मुक्ताकाशीय रंगमंच पर उमड़ी और वे गदगद होकर घर लौटे। रंगोत्सव में संस्कार भारती महानगर मथुरा, पूर्वांचल सेवा समिति मथुरा एवं ब्रज कला केंद्र मथुरा भी सहयोगी हैं। मुख्य आयोजक संस्था उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी पंकज वर्मा ने जानकारी दी कि 19 मार्च (रविवार) सायं 5 बजे से ब्रज की ख्याति प्राप्त कलाकार माधुरी शर्मा द्वारा ब्रज के लोक गीत के अलावा बुंदू खान लंगा अपने साथियों के साथ राजस्थानी नृत्य एवं लोकगीत प्रस्तुत करेंगे। कलाकार हरिहर बाबा भवई, होली, कालबेलिया की प्रस्तुति देंगे।

# कला-सोशल साइंस में समकालीन रुझान पर कांफ्रेंस का आगाज

## इंसान और इंसानियत को जिन्दा रखने की ताकत मानविकी और सामाजिक विज्ञान के विषयों में है: प्रो. सुदेश कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का शानदार आगाज मुख्य अतिथि प्रो सुदेश कुलपति, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां (सोनीपत)के कर कमलों से हुआ। कीनॉट संबोधन प्रो राजेश गिल समाज शास्त्र विभाग पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ ने दिया। प्रथम दिन के पहले तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ राजेन्द्र कुमार अरोड़ा प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय चीका (पेहोवा) ने की और उन्होनें क्रिप्टो करेंसी



विषय पर अपना व्याख्यान भी दिया। मेहमानों का स्वागत कांफ्रेंस के संरक्षक एवं एसडी पीजी कॉलेज प्रधान पवन गोयल, उप-प्रधान मनोज सिंगला, जनरल सेक्रेटरी तुलसी सिंगला, कोषाध्यक्ष विकुल बिंदल और कांफ्रेंस के संयोजक एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने पुष्प रोपित गमलें और शाल भेंट करके किया। मंच संचालन प्रो अन्नू आहूजा और डॉ दीपिका अरोड़ा ने किया। कांफ्रेंस में पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार आदि राज्यों से आये प्राध्यापक, शोधकर्ता और विद्यार्थी भाग ले रहे है।

वहीं प्रो सुदेश कुलपति ने कहा कि कला और सामाजिक विज्ञान विषयों का दायरा और परिदृश्य वर्तमान में बहुत बदल गया है, जो कुछ विज्ञान ने इंसान को दिया है उसे बचाने और संजोने की जिम्मेदारी इन्ही विषयों के जिम्मे है। दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस के सह-संयोजक प्रो अन्नू आहूजा और डॉ एसके वर्मा तथा इसके संगठन सचिव डॉ राकेश गर्ग और डॉ सुशीला बेनीवाल है। इनके साथ परामर्श समिति में डॉ नवीन गोयल, प्रो प्रवीण खेरडे, प्रो पवन सिंगला, प्रो गीता प्रुथी, डॉ संगीता गुप्ता, डॉ इंदु बाला, प्रो सविता पुनिया और डॉ भारती गुप्ता कांफ्रेंस में योगदान दे रहे है। पंजीकरण का दायित्व प्रो डेनसन डी पॉल, प्रो मनोज कुमार, प्रो आशीष गर्ग, प्रो सोनिका, प्रो विशाल गर्ग, प्रो एकता दुरेजा ने निभाया। दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस में देश के अलग-अलग राज्यों के 600 से अधिक शोधकर्ता और प्रतिभागी भाग ले रहे है, पहले दिन 200 शोध पत्र प्रस्तुत किये गए।

# खेड़ी गुज्जर गांव में बिजली का करंट लगने से भैंसे की मौत, गाय घायल

> 8 किसान के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने भागकर लाठी की मदद से ट्रांसफार्मर की लाईन नीचे डालकर आपूर्ति को बंद किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**खेड़ी** गुज्जर गांव में शनिवार को आई बरसात में ट्रांसफार्मर के पास करंट लगने से एक भैसे की मौके पर मौत व एक गाय घायल हो गई। किसान के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने भागकर लाठी की मदद से ट्रांसफार्मर की लाईन नीचे डालकर आपूर्ति को बंद किया। सूचना डायल 112 को दी। सूचना के बाद मौके पर पुलिस



पहुंची और बिजली विभाग को सूचित किया। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हुआ था। पीड़ित पशु पालक ने श्यामलाल ने बताया कि शनिवार को वह अपने पशुओं को लेकर गांव के जंगल में गया हुआ था। जब बरसात आ गई तो वह अपने पशुओं को लेकर सड़क से घर आ रहा था। सड़क के साथ में ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जब उसका भैसा व गाय उसके पास से निकलने लगी तो भैसा करंट लगने से जमीन में गिरने पर ट्रांसफार्मर में लगाए अर्थ की लोहे की पत्ती पर गिर गया और उसकी मौके पर मौत हो गई।

### विधायक पवन शर्मा ने स्वच्छता अभियान की तारीफ की, स्वच्छता अभियान में सभी अपना योगदान दें: निगम पार्षद नेहा अग्रवाल

# धीरपुर वार्डः नेहा अग्रवाल ने चलाया सफाई अभियान






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
विधायक पवन शर्मा के मार्गदर्शन में और धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा अग्रवाल के नेतृत्व में धीरपुर वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों जैसे आर एम ब्लॉक, मॉडल टाउन क्षेत्र में एक विशाल एवं व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर एमसीडी के सफाई विभाग, उद्यान विभाग, मलेरिया विभाग, इंजीनियरिंग/ वर्क्स विभाग इत्यादि के संबंधित अधिकारी व स्टाफ उपस्थित रहे।

**उद्यान विभाग द्वारा पेड़ों की छंटाई भी की गईः** पार्षद नेहा अग्रवाल की उपस्थिति में सफाई अभियान में विशेष तौर पर इलाके में गाड़ियों को हटवा कर गहन सफाई अभियान चलाया गया और उद्यान विभाग द्वारा पेड़ों की छंटाई भी की गई। मलेरिया विभाग द्वारा इलाके में जन जागरूकता के लिए पोस्टर लगाए गए और दवाई का छिड़काव किया गया।

इस अभियान में आरएम ब्लॉक के सभी आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी, सभी सम्मानित नागरिक व आदर्श नगर विधानसभा एवं वार्ड-14 धीरपुर के आम आदमी पार्टी के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा, जिसके लिए निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने सभी का अभिनंदन एवं धन्यवाद दिया।

इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिला और क्षेत्र की स्वच्छता के लिए निवासियों द्वारा सक्रिय रूप से योगदान दिया गया।

**स्वच्छता और स्वास्थ्य जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलूः** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा ने कहा स्वच्छता और स्वास्थ्य जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। मैं निगम पार्षद नेहा अग्रवाल और उनकी टीम द्वारा इस मेगा स्वच्छता अभियान को आयोजित करने में किए गए प्रयासों से गौरवान्वित महसूस करता हूं। मैं इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी निवासियों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों और अधिकारियों का धन्यवाद देता हूं। इस प्रकार की पहल से सभी के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण को मिलेगा।

**क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को दिया जा रहा बढ़ावाः** इस अवसर पर बोलते हुए निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हूं, इस मेगा स्वच्छता अभियान से हमारे लक्ष्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा कि मैं इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी सम्मानित निवासियों और अधिकारियों का धन्यवाद देना चाहूंगी जिन्होंने हमारे क्षेत्र को स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए संवेदनशील रूप में अपना योगदान दिया।






# जहांगीरपुरी: ग्लोबल वेलफेयर ट्रस्ट कर रही हैं समाज को जागरूक: भारत सिंह राघव







**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी** में ग्लोबल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से एक अहम बैठक की गई। इस बैठक में ट्रस्ट के कई पदाधिकारियों ने भाग लिया।

**क्षेत्र की समस्याओं पर किया गया विचार-विमर्शः** बैठक के दौरान क्षेत्र की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। ताकि जनता को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

**ट्रस्ट के विस्तार पर भी हुई चर्चाः** ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने ट्रस्ट के विस्तार के विषय पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया।

**ट्रस्ट चलायेगी जागरूकता अभियानः** ट्रस्ट के चेयरमैन विनोद कुमार ने बताया कि हम जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए जगह-जगह कैंप लगाकर, उनकी समस्या का समाधान प्रशासन से मिलकर करवाने का कार्य करेगें।

**शिक्षा अभियान पर जोर देगी ट्रस्टः** ट्रस्ट के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने बताया कि हम क्षेत्र की जनता के बच्चों के भविष्य के बारे में विशेष रूप से सोच रहे है, जो बच्चे स्कूल जाने के बाद वापस जब घर आते हैं तो उनको उचित गाईडलाइन के अनुसार ट्यूशन या अन्य तरह की शिक्षा नहीं मिल पाती है, अब ट्रस्ट उन बच्चों के लिए हेल्प प्रोग्राम चालू करेगी।

**बैठक में ये लोग रहे मौजूदः** ट्रस्ट की मीटिंग में घनश्याम, सुरेंद्र सैनी, राम शर्मा, शालू, सुनील कुमार, सईदा, प्रमोद, विजेंद्र राणा, अमित, अशोक कुमार आदि ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान कई लोगों ने भी अपने विचार रखे।

# नरेलाः धूमधाम से निकली राम बारात, हुई फूलों की बरसात





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विहिप** नरेला जिला द्वारा आयोजित हिंदू नववर्ष महोत्सव के चौथे दिन भगवान श्रीराम की बारात धूमधाम से निकली तो उनका जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। श्रद्धालुओं ने बारात पर पुष्प वर्षा कर जय श्रीराम के नारे लगाए। राम बारात में भगवान श्री राम, लक्ष्मण,भरत, शत्रुघ्न के स्वरूप हनुमान, शंकर-पार्वती, शेरावाली मां की झांकियों मन मोह रही थी।

इस दौरान बैंड ढोल-नगाड़ों की धुन पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया। पूरा वातावरण जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला द्वारा हिंदू नववर्ष के मौके पर 'हिंदू नववर्ष महोत्सव' का आयोजन 15 से 22 मार्च तक नरेला के रामलीला ग्राउंड में धूमधाम से किया जा रहा है। हिंदू नववर्ष महोत्सव के अंतर्गत सात दिवसीय दिव्य राम कथा, भव्य राम बारात, खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव, विशाल कवि सम्मेलन आदि का आयोजन किया जा रहा है।

हिंदू नववर्ष महोत्सव के चौथे दिन 51 कुंडीय महारुद्र यज्ञ में मुख्य यजमान समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा व उनकी धर्मपत्नी मुख्य यजमान रहे। पूर्व विधायक नीलदमन खत्री सहित 51 यजमानो ने पूरे परिवार के सदस्यों सहित विधिवत वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन पूजन कर आहुति डाली और यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ लिया। **धूमधाम से निकली राम बारात, जगह-जगह हुई पुष्प वर्षाः** दिव्य राम कथा के चौथे दिन श्री राम जानकी विवाह के मौके पर जब भगवान श्रीराम की बारात निकली तो उनका जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। श्रद्धालुओं ने बारात पर पुष्प वर्षा कर जय श्री राम के जयकारे लगाए महिलाओं ने अपने घरों के सामने भगवान स्वरूपों की आरती उतारी। बैंड बाजों के साथ राम बारात नरेला के राम कुटी मंदिर से शुरू होकर पुरानी अनाज मंडी, मंगला चौक, झंडा चौक होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। राम बारात में भगवान श्री राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न आगे चल रहे थे। उसके पीछे भगवान शंकर पार्वती की सुंदर झांकी थी।

झांकियों में राधा-कृष्ण, हनुमान, मां शेरावाली की सुंदर झांकियों ने भी श्रद्धालुओं का ध्यान अपनी ओर खींचा। नृत्य करते हुए कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति से राम-बारात को आकर्षण का केंद्र बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

**कड़ी रही सुरक्षा व्यवस्थाः राम** बारात के दौरान पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखी बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स राम बारात के साथ-साथ चली।

**दिव्य राम कथा में साध्वी ऋतंभरा ने श्री राम जानकी विवाह प्रसंग सुनायाः** चौथे दिन की दिव्य राम कथा में साध्वी ऋतंभरा ने अपनी चिर परिचित मंत्रमुग्ध कर देने वाली दिव्य शैली में श्री राम जानकी विवाह प्रसंग सुनाया तो समूचा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा

श्री राम जानकी विवाह उत्सव पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।

इस दौरान कथा पंडाल में हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।






# रामलला के अचल मूर्ति के निर्माण के लिए आए पत्थरों पर हुआ मंथन

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। मंदिर के गर्भगृह में सभी स्तंभ खड़े किए जा चुके हैं। बहुत जल्द मन्दिर के छत का काम शुरू होगा। मन्दिर के गर्भगृह में अचल मूर्ति के निर्माण के लिए आए पत्थरों पर मंथन जारी है। भगवान रामलला की अचल मूर्ति के निर्माण के लिए आए पत्थरों को लेकर शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी और मूर्ति कला के विशेषज्ञ नामचीन मूर्तिकारों और चित्रकारों के साथ बैठक हुई। बैठक में अब तक अयोध्या आए पत्थरों पर राम लला के अचल



मूर्ति को लेकर डिस्कशन हुआ। अभी तक आए किसी भी पत्थरों पर आपसी सहमति नहीं बन सकी है। बैठक के बाद ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने बताया कि रामलला के अचल विग्रह निर्माण के लिए पत्थरों पर मंथन का दौर जारी है। कर्नाटक से आये पत्थरों में स्काई ब्लू दिख रहा है। मूर्ति विशेषज्ञों को डर है कि आगे चलकर पत्थर पूरा काला हो सकता है। मार्बल में भी स्काई ब्लू के पत्थर हैं। अभी एक माह का समय शेष है। एक माह के अंदर आए पत्थरों पर विचार किया जाएगा। इसके बाद आए पत्थरों पर मूर्ति के निर्माण के लिए विचार नहीं किया जाएगा। अभी उड़ीसा से भी पत्थर आना बाकी है। अब तक कुल 11 पत्थर राम नगरी पहुंचे हैं। पत्थरों पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मूर्ति कला के विशेषज्ञों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। पत्थरों की गुणवत्ता और आयु को लेकर जानकारी ली। भगवान राम लला के अचल मूर्ति के निर्माण के लिए आयोजित बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ,कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी, महंत दिनेन्द्र दास, ख्याति नाम मूर्तिकार विश्वनाथ कामद, सुदर्शन साहू, विष्णु शर्मा, सत्यनारायण पांडेय उपस्थित रहे।

**राममंदिर का 70 प्रतिशत से ज्यादा निर्माण पूरा**

रामलला के दर्शन यानी गर्भगृह तक पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां बननी हैं। इनमें से 24 बन चुकी हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर अब आकार लेने लगा है। भूतल का 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इन तस्वीरों को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने जारी किया है। राम मंदिर के गर्भगृह के एक हिस्से में चौखट और 20 फीट ऊंची दीवारें आकार लेती दिख रही हैं। ये मकराना के सफेद संगमरमर से बनाई जा रही हैं।

# सफाई के नाम पर हर साल खर्च किए जाते है लाखों रुपए

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
शहर में शनिवार को महज आधे घंटे की बारिश व बूंदाबांदी ने ही पानी निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। सड़कों पर पानी भरने से लोगों को काफी परेशानी हुई। सड़कों पर जगह-जगह दुपहिया वाहन चालक परेशान रहे। वाहनचालक सुरेन्द्र, रणबीर, तेजसिंह का कहना कि नगरपालिका व जनस्वासथय विभाग हर साल नालों की सफाई पर लाखों रुपएं खर्च करता है लेकिन असलियत यह है कि शहर में थोड़ी ही बरसात होते ही सड़क पानी से लभालभ भर जाती है। अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। वहीं बरसात के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई। किसान रणबीर, सुरेन्द्र पहल, बिजेन्द्र



पहल, रमेश राठी का कहना कि इस समय अगर ज्यादा बरसात हो जाती है तो वह सरसों की फसल के लिए नुकसानदायक है। कुछ किसानों की फसल खेत में पककर तैयार है तो कुछ ने कटाई कर रखी है। जिससे किसानों को नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि गेंहू की फसल भी पकने की तरफ अग्रसर है। अगर ज्यादा बरसात होती है और उसके साथ हवा भी चल पड़ती है तो सारी गेंहू की फसल जमीन में लेट जाएगी। जिससे किसानों को बहुत नुकसान होता है। वही बरसात का असर मौसम बदलाव पर भी देखने को मिला। लोगों को गर्मी से भी राहत मिली।

## संक्षिप्त खबरें

### केमिकल की फिसलन से बस डिवाइडर से टकराई तो पीछे टैम्पों बस से भिड़ी

**गन्नौर।** नेशनल हाईवे 44 पर गन्नौर फ्लाईओवर के पास 15 फ़रवरी को देर रात एक कैंटर से केमिकल गिरने के बाद रिसाव के कारण हाईवे पर फिसलन बन गई थी जिसका असर आज फिर देखने को मिला। शनिवार को हुई बूंदाबांदी से फिसलन और ज्यादा बढ़ गई जिसके चलते कई वाहन आपस मे टकरा गए। जिस कारण वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड़ा। दुपहिया वाहन चालक जीटी रोड पर फिसलने के कारण चोटिल हो गए। इसके अलावा चार पहिया वाहनों का संतुलन बिगड़ गया । शनिवार सुबह दोपहिया वाहन चालक अपने वाहनों से जा रहे थे लेकिन बरसात के कारण जीटी रोड पर फिसलन हो गई। कई दोपहिया वाहन फिसलकर सड़क पर गिर गए, जब दोपहिया वाहनों को बचाने के लिए रोड़वेज बस चालक ने बस को ब्रेक लगाए तो बस फिसलकर डिवाइडर से टकरा गई, जब बस को बचाने के लिए टेम्पो चालक ने ब्रेक लगाये तो वो फिसलकर बस से टकरा गया। गनीमत ये रही कि किसी को ज्यादा चोटे नही आई मोटरसाइकिल चालकों को हल्की फुल्की चोटे आई है। वाहन चालकों में इस बात को लेकर रोष जरूर देखने को मिला कि एक महीने से ज्यादा समय बीत जाने पर भी हाईवे अथॉरिटी ने जीटी रोड को साफ नही करवाया। बता दे कि नेशनल हाईवे 44 पर गन्नौर फ्लाईओवर के पास 15 फरवरी कि रात एक कैंटर से केमिकल गिरने की वजह से हाईवे पर तेल फैल गया काफी मात्रा में हाईवे पर केमिकल फैलने के कारण हाईवे पर लोगों का चलना दूभर हो गया था। जानकारी के अनुसार केमिकल को ले जारही निजी कंपनी का कैंटर जैसे ही गन्नौर फ्लाईओवर के पास पहुंचा अचानक कैंटर से केमिकल रिसने लगा और देखते ही देखते पूरे हाईवे पर फैल गया केमिकल पर से दोपहिया वाहन गुजरे तो वह फिसल कर गिर गए थे। आज फिर वही आलम देखने को मिला।

### शाहपुर तगा के प्राचीन वाल्मीकि मन्दिर को बचाने की सरकार से की समिति ने मांग

**गन्नौर। वाल्मीकि मंदिर में वाल्मीकि समाज की महापंचायत सतबीर की** अध्यक्षता में हुई। जिसमें शाहपुर तगा के प्राचीन वाल्मीकि मन्दिर के बचाने के लिए चर्चा हुई। महर्षि बाल्मीकि मन्दिर व आश्रम बचाव संघर्ष समिति शाहपुर के विकास बहोत ने कहा कि मदिंर 1940 में स्थापित किया गया। लोगों से उनकी आस्था जुड़ी है। लेकिन सरकार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण की एवज में जबरन अधिग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर के लिए ग्राम पंचायत ने जमीन दान में दी थी। जिसके इन्द्राज व जमाबंदी भी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा मंदिर व आश्रम हटाने से वाल्मीकि समाज के लोगों में रोष है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मंदिर की जमीन को अधिग्रहण से मुक्त रखा जाए। उन्होंने कहा कि जबरदस्ती मंदिर की जमीन का अधिग्रहण करवाकर सरकार लोगों की धार्मिक भावना से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने चेताया कि अगर सरकार द्वारा जबरदस्ती मंदिर को हटाने का प्रयास करवाया तो उसका खामियाजा सरकार को चुनाव के समय में भुगतना पड़ेगा।

### अचार भंडार में चोरी, नहर विभाग के 116 पाइप ले गए अज्ञात चोर

**नारनौल** । जिले में चारों के हौसलें इतने बुलंद हो चुके हैं कि पुलिस की लाख चौकसी के बावजूद रोजाना चोरी की वारदातों को बेखौफ अंजाम दिया जा रहा है । मंडी अटेली की अचार की दुकान में तथा गांव कटकई सिलारपुर रास्ते पर स्थित नहर विभाग के 116 पाइप को गायब कर दिए गए। दोनों मामले पुलिस में दर्ज करवा दिए गए हैं। पहला मामला मंडी अटेली में चोरों ने एक अचार भंडार को अपना निशाना बनाया चोरों ने वहां से करीब 20 हजार की नकदी तथा करीब 25 हजार रुपए के बादाम काजू अखरोट में किशमिश चोरी कर लिए चोरी की सूचना मिलने के बाद दुकानदार ने पुलिस में इसकी शिकायत दी जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मंडी अटेली के पुराना बस स्टैंड के नजदीक उनिंदा गांव के सुबे सिंह ने आयुष अचार भंडार के नाम से एक दुकान की हुई है। इस दुकान में अचार के अलावा परचून का अन्य सामान भी रखा हुआ है। चोर पीछे से उसके दुकान की दूसरी मंजिल पर चढ़ गये और पीछे के दरवाजे का कुंडा खोल कर उसकी दुकान में रखे 20,600 रुपए चुरा लिए। इसके अलावा चोरों ने वहां पर रखे काजू, बादाम, अखरोट, किसमिस के पैकेट भी चुरा लिए।

# पंजाब सरकार अपने हालात संभालने में असमर्थ: धनखड

**पानीपत:** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में 6 अप्रैल तक 4 लाख पन्ना प्रमुख बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे पहले पार्टी ने संगठन को घर घर ले जाने के लिए सभी बूथों पर त्रिदेव बनाए है। 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस पर पार्टी के 5 लाख कार्यकर्ता अपने घरों पर एक ही समय पर पार्टी का झंडा फहराएंगे । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने समालखा के सेवा साधना केंद्र में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि रविवार को समालखा में 6 लोकसभा क्षेत्रों के शक्ति केंद्र प्रमुखों कि कार्यशाला आयोजित की जायेगी।

# झज्जर भाजपा महिला मोर्चा 23 को भव्य तरीके से मनाएगी शहीदी दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
झज्जर भाजपा महिला मोर्चा की ओर से सैनिक नगर के कम्युनिटी सैंटर (बारात घर) में शहीदी दिवस के अवसर पर 23 मार्च को सुबह 10 बजे शहीदों के सम्मान में भव्य कार्यक्रम किया जा रहा है। शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की प्रतिमा का अनावरण भी होगा। शहीदों के सम्मान में जहां रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है वहीं सामाजिक उत्थान में विशेष योगदान देने वाली नारी शक्ति को सुषमा स्वराज अवार्ड से भी सम्मानित किया जाएगा। वही देशभक्ति संगीत कार्यक्रम भी होगा। यह जानकारी समारोह की संयोजक व झज्जर भाजपा महिला



मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने दी। दिल्ली-रोहतक रोड स्थित अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि शहीदी दिवस पर 23 मार्च को आयोजित इस जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद व हरियाणा भाजपा प्रभारी विप्लव देब, अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर रोहतक से सांसद डा. अरविंद शर्मा शिरकत करेंगे, जबकि अध्यक्षता हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़ करेंगे। डा. नीना सतपाल राठी ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियां पूरी की जा रही है। इसमें हजारों की संख्या में नारी शक्ति, युवावर्ग व अन्य लोग बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए मातृभूमि के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को नमन भी करेंगे। उन्होंने महिलाओं, युवा वर्ग व अन्य व्यक्तियों से आह्वान किया कि वे बढ़चढ़ कर शहीदों के सम्मान में लगने वाले रक्तदान शिविर में रक्तदान करें। मोर्चा से जुड़ी महिलाएं भी बढ़चढ़ कर रक्तदान करेंगी। उधर भाजपा महिला मोर्चा की ओर से कार्यक्रम दौरान सामाजिक उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड से भी नवाजा जाएगा। डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि शहीदों का सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमारे आज के नौजवान शहीद भगत सिंह सहित अन्य क्रांतिकारियों के जीवन से जीवन से प्रेरणा ले सकें इसलिए शहीदी दिवस पर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इस गायिका राजबाला एंड पार्टी की ओर से देशभक्ति संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। उधर पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भी पूरी तरह से तैयार।

# रक्तदान सबसे बड़ा दान, नियमित करे रक्तदान: सुरेंद्र पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। युवाओं को रक्तदान के पुनीत कार्य में बढ-चढ कर भाग लेना चाहिए। रक्तदान का कोई अन्य विकल्प नहीं है। इसलिए किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान बहुत जरूरी है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने विश्वकर्मा धर्मशाला, नजदीक कालूपुर चुंगी पर आस्था हैल्पिंग हैंड फाऊंडेशन के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रक्तदान शिविर का शुभांरभ किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि



रक्तदान करके दूसरों को जीवनदान दे सकते हैं। अतः इस पुनीत यज्ञ में नियमित रूप से आहुति डालते रहना चाहिए। रक्तदान का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। सडक दुर्घटनाओं तथा विभिन्न प्रकार की बिमारियों में मरीजों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में युवाओं को बढ़-चढकर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने रक्तदान को लेकर व्याप्त भ्रांतियों पर भी विराम लगाते हुए कहा कि रक्तदान से नए खून का संचार होता है।

# 'समय-समय पर धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**श्री गौ गो**पाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान (रजि.) के तत्वाधान में आचार्य बजरंग शास्त्री के सानिद्धय मे मीटिंग हुई जिसमें ये फैसला लिया गया कि धर्म कि रक्षा के लिए समय-समय पर धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए । संस्था के प्रधान महेंद्र नूनिवाला ने बताया कि सभी धर्म प्रेम सज्जनो भक्तों नारनौल वासियों द्वारा श्री कल्लुमल धर्मार्थ बगीची मौ. खड़खडी नारनौल में दिनांक 19 मार्च से 25 मार्च तक संगीतमय श्री मद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । जिसमे कथा व्यास आचार्य श्री बजरंग शास्त्री जी महाराज भक्तों को कथा अमृत का रसपान करवायेंगे।

# समस्याओं के समाधान का केन्द्र बनते हैं सामुदायिक केंद्र: जैन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा है कि समाज की समस्याओं के समाधान का केन्द्र बनते हैं सामुदायिक केंद्र, समाज के लोगों के इकट्ठा बैठने से आपसी भाईचारा, प्यार, प्रेम की भावना मजबूत होती है और संगठन मजबूत होकर आगे बढ़ता है। राजीव जैन शनिवार को कामी रोड पर संत शिरोमणि सैन भक्त महाराज सैन मंदिर के प्रांगण में सैन भक्त हॉल का लोकापर्ण करने के बाद सैन समाज के प्रबुद्धजनों को सम्बोधित कर रहे थे। सैन भक्त सभा के पदाधिकारियों ने हॉल के निर्माण में पूर्व मंत्री कविता जैन के कोटे से दिये गये 45 लाख रुपए का योगदान देने के लिए फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रधान प्रदीप कुमार ने की। भाजपा नेता ने कहा कि पांच वर्ष के पिछले भाजपा सरकार के कार्यकाल में समाज के सभी वर्गों के लिए करोड़ों रुपए की लागत से नगर निगम से सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया गया ताकि प्रत्येक समाज अपनी गतिविधियों का संचालन इन केंद्रों के माध्यम से कर सके। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों से अपील की कि सामुदायिक भवनों में समाज की युवा पीढ़ी को मजबूत करने के लिए शिक्षा देने तथा लड़कियों में आत्मरक्षा के गुर सिखाने के प्रोग्राम शुरू करने चाहिए। उन्होंने मंदिर के साथ में पार्क निर्माण करवाने का भी आश्वासन दिया। सभा में निगम पार्षद हरि प्रकाश सैनी, संजीव वलेचा, निवर्तमान प्रधान सुरेश चैहान, शमशेर भण्डेरी, रणजीत सिंह, हंसराज, मास्टर विरेन्द्र सिंह, राजबीर, लक्ष्मण, वेद कटारिया, मास्टर ईश्वर सिंह, सतबीर, रोहताश, सहित सैंकड़ों सैन समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भव्य श्रृंगार के साथ संपन्न हुआ श्री शनिदेव जी का मेला

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
मौहल्ला चांदुवाडा में श्री शनिश्चर जी मंदिर में श्री भृगुवंशी ज्योतिषीयान ट्रस्ट नारनौल द्वारा भव्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर को कोलकता के कुशल कारीगरों द्वारा रंग बिरंगे फूलों व लाइटों से सजाया गया। प्राचीन काल से ही होली के त्योहार के बाद अलग अलग धार्मिक स्थानों पर विभिन्न मंदिरों में मेलो का आयोजन किया जाता है। ट्रस्ट के वरिष्ठ वयोवृद्ध ट्रस्टी पंडित कैलाश चंद भार्गव ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा काफी वर्षों से इस मेले का आयोजन किया जाता है, शीतला माता के मेले के उपरांत



पूरे 1 सप्ताह तक नगर में विभिन्न मंदिरों में मेले का आयोजन होता है और शनि मंदिर मेले के बाद ही यह मेले संपन्न होते हैं। शनि देव महाराज कर्मफल के दाता हैं, सभी भक्त इस दिन तेल, रेवड़ी आदि का प्रसाद चढ़ाकर शनि महाराज को प्रसन्न करते हैं। ट्रस्ट के प्रधान शंकर लाल भार्गव ने बताया कि मेले के इस पावन आयोजन पर शनि देव महाराज की विशेष महा आरती हुई, आज शनि देव महाराज का विशेष श्रृंगार के दर्शन हजारों दर्शनार्थी भक्तों ने किए। आने वाले सभी भक्तों को ट्रस्ट की ओर से देशी घी की बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मेले में हजारों महिलाओं, पुरुष व बच्चों ने शनिदेव महाराज के दर्शन कर मेले में झूलों, सजावट एवं खानपान की अनगिनत वस्तुओं का भरपूर आनंद लिया। ट्रस्ट द्वारा सुंदर दर्शन की व्यवस्था आने वाले भक्तों के लिए की गई। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रधान शंकर लाल भार्गव, उपप्रधान मेहर चंद भार्गव, सचिव मनोज भार्गव, सह सचिव हंसराज भार्गव, कोषाध्यक्ष राजकुमार भार्गव, स्टोर कीपर हितेश भार्गव व ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी व पुजारी गण उपस्थित रहे।

# हाथ से हाथ जोड़ो का वार्ड नम्बर-20 से हुआ आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सोनीपत विधानभा में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का शनिवार को वार्ड नम्बर-20 से आगाज किया गया। बड़ी तादाद में शहरवासियों ने हिंदू ब्वॉयज कॉलेज, ककरोई चौक, महलाना चौक, छोटूराम चौक से होते हुए ईदगाह तक हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत जनसंपर्क यात्रा निकाली, इसके बाद ईदगाह में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, पार्षद नीतू दहिया, राजेश दहिया विशेष रूप से मौजूद रहे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने



क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 14 संकल्प प्रदेश की जनता के लिए लिए है। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर हिमाचल व छतीसगढ की तर्ज पर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी। बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की जाएगी। जिन लोगों के बीपीएल कार्ड व पेंशन को सरकार द्वारा काटा गया है उन्हें पुनः बहाल किया जाएगा। परिवार पहचान पत्र व प्रापर्टी आईडी को समाप्त किया जाएगा। 300 यूनिट तक बिजली बिल माफ किया जाएगा। गैस सिलैंडरों की कीमत 500 रुपये तक कम करने का प्रयास किया जाएगा। किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। एससी, बीसी का बैकलॉग पूरा किया जाएगा। बैक्वर्ड क्लास की क्रीमी लेयर 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख की जाएगी। जरूरतमंदों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट पुनः दिए जाएंगे, इसमें दो-दो कमरे व पानी व बिजली का कनैक्शन भी मुहैया करवाया जाएगा। कांग्रेस राज के समय बनाई गई पुनानी खेल नीति को दोबारा बहाल किया जाएगा। ठप्प पड़े विकास कार्यों को पुनः बहाल किया जाएगा। इस दौरान यात्रा के कार्डिनेटर सुरेश योगी, संदीप शर्मा, पूर्व प्रधान, भगत सिंह दहिया पूर्व प्रधान, प्रेम अत्री पूर्व प्रधान, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पूर्व पार्षद सुरेश तुषिर, जिलाध्यक्ष नीलम बाल्याण, शहरी अध्यक्ष राजेश चौधरी, सन्तोष कादयान, सीमा शर्मा, अशोक सरोहा, सुरेंद्र शर्मा, भलेराम जांगडा, मनोज रिडाऊ, युवा जिलाध्यक्ष ललित पंवार, रवि दहिया, सतीश ठाकरान, प्रेम गुप्ता, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद सुरेंद्र नैयर, पार्षद रेणु सैनी, पार्षद मोनिका नागर, पार्षद नवीन तंवर, पार्षद सूर्या दहिया, पार्षद संजय बड़वासनी, रवि कपूर, संदीप, धर्मपाल दोचक, महावीर, राजेन्द्र, महेंद्र, बंसीलाल कुंडू, प्रधान बड़ी तादाद में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# परिवर्तन परियोजना ने दी गांव को जल मीनार की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**एसएम** सहगल फाउंडेशन व एचडीएफसी बैंक के द्वारा क्षेत्र में चलाई जा रही परिवर्तन परियोजना के तहत गांव कुलताजपुर में जल मीनार का उद्घाटन किया गया। संस्था के सदस्य हनुमान शर्मा व कमल बिष्ट ने बताया कि गांव कुलताजपुर में शुद्ध पीने के पानी की समस्या को देखते हुए ग्रामीणों को साफ सुथरा वह पीने योग्य ठंडा पानी मिल जाए। उस को ध्यान में रखते हुए गांव में पानी के टैंक का निर्माण कराया गया। जिसका उद्घाटन शनिवार को



एचडीएफसी बैंक के सीएसआर के मैनेजर अभिषेक समाधिया वे नवीन प्रताप प्रोग्राम ऑफिसर एसएम सहगल फाउंडेशन के द्वारा महंत प्रेमदास एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में रिबन काटकर किया गया। इस पानी की टंकी के बन जाने से ग्रामीणों को शुद्ध व ठंडा पानी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस जल मीनार के अंदर पानी को शुद्ध करने के लिए उपकरण लगाए गए हैं और पानी को ठंडा करने के लिए भी वाटर कूलर इत्यादि लगाए गए हैं।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 19 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# स्टार्टअप का केंद्र बना भारत: राजनाथ सिंह

### इकोसिस्टम तैयार

**एप्पल का नया कारखाना कर्नाटक में लग रहा है। इस काम को पहले एप्पल कंपनी चीन में करती था, अब भारत में करेगी**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि आज भारत में स्टार्टअप का एक बड़ा इकोसिस्टम तैयार हो गया है। 90 हजार स्टार्टअप और 105 यूनिकॉर्न कंपनियों के साथ भारत स्टार्टअप का केंद्र बन चुका हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत में रिकार्ड तोड़ विदेशी निवेश हो रहा है। एप्पल का नया कारखाना कर्नाटक में लग रहा है। इस काम को पहले एप्पल कंपनी चीन में करती था, अब भारत में करेगी। रक्षामंत्री सिंह लखनऊ के कॉल्विन कॉलेज ग्राउंड में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों देश किस तरह के संकट से जूझ रहे हैं, बताने की जरूरत नहीं है। आजकल तो पाकिस्तान में भी इस तरह की बात होने लगी है कि हमारे पास भी मोदी जैसा प्रधानमंत्री होना चाहिए। बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो सुधार किए उसका ही परिणाम है कि आज लोगों का बैंकिंग सिस्टम पर पहले से भी भरोसा मजबूत हुआ है। बैंकिंग में सुधार करने का ही परिणाम है कि जहां अमेरिका और यूरोप के विकसित देशों के बैंक लड़खड़ा रहे हैं, भारत के बैंक काफी मजबूत हैं। रक्षामंत्री ने कहा कि एक समय था जब एक फोन कर देने भर से लोगों को करोड़ों का लोन दिया जाने लगा। बाद में उन लोन्स की रिकवरी होनी भी मुश्किल हो गई। मोदी ने उस तरह की ह्यफोन बैंकिंगह्न बदं कर दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था इस बात पर निर्भर करती है कि वहां शांति व्यवस्था कैसी है और वहां की बैंकिंग व्यवस्था कितनी सुदृढ़ है। देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए अच्छा बैंकिंग सिस्टम उसकी रीढ़ होता है। अभी भारत के प्रति व्यक्ति आय से जुड़े आंकड़े जारी हुए हैं जिससे पता चलता है कि 2014-15 से 2022-23 में भारतीयों की औसत आय लगभग दो गुनी हो गई है। साल 2014-15 में आम भारतीय की सालाना औसत आय 86,647 रुपये थी जो 2022-23 में बढ़कर 01.72 लाख रुपये सालाना हो गई है।

## व्यापारियों के विकास के लिए भी हमारी सरकार प्रतिबद्ध: रक्षा मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को ऐशबाग रामलीला मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। हमारी सरकार यह मानती है कि इस देश और प्रदेश में कारोबार की दृष्टि से सबसे ज्यादा भागीदारी छोटे और मझोले व्यापारियों की है। व्यापारी भाइयों के बीच मैं यह कहना चाहता हूँ कि आप सभी के विकास के लिए भी हमारी सरकार प्रतिबद्ध हैं। होली मिलन समारोह लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल की ओर से आयोजित किया गया था। राजनाथ सिंह ने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों को राहत दी गई है। इसी तरह सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमइ) और छोटे व्यापारियों के लिए ऋण पर ब्याज में एक प्रतिशत की छूट और तीन करोड़ रुपये के कारोबार वाले एमएसएमइ को टैक्स में राहत देने का निर्णय लिए गया है। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत त्योहारों का देश है। हम उत्सवप्रिय लोग हैं। हर पखवाड़े एक त्योहार पड़ ही जाता है जो एक नई ऊर्जा का संचार कर जाता है। हमारे यहाँ मनाए जाने वाले त्योहार आपसी स्नेह और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देते है। प्रेमपूर्वक और सद्भाव के साथ रहने के लिए प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों और मिठाइयों का उत्सव नहीं है। यह राधा और कृष्ण के दिव्य प्रेम की कहानी है। यह विष्णु अवतार नरसिंह, विष्णु भक्त प्रह्लाद और अहम के प्रतीक हिरण्यकश्यप की भी याद दिलाती है। यह बताती है कि आप कितने भी बड़े क्यों न हो जाएं, अभिमान विनाश का कारण बनता है।

## काशी विश्वनाथ के दरबार में 100 बार दर्शन करने वाले पहले सीएम बने योगी



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में 100वीं बार दर्शन करने वाले पहले मुख्यमंत्री भी बन गये हैं। 2017 में प्रदेश की सत्ता संभालने वाले योगी आदित्यनाथ जब भी काशी आते हैं, अमूमन हर बार बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी जरूर लगाते हैं। मुख्यमंत्री योगी मंदिर में षोडषोपचार विधि से दर्शन पूजन कर लोक कल्याण की कामना करते हैं। वर्ष 2017 से अभी तक अपने पहले और दूसरे कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ 100 बार बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने वाले पहले मुख्यमंत्री बन गये हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को 113वीं बार वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर आये। दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन कर नया कीर्तिमान बनाया है। योगी आदित्यनाथ महीने में एक बार या कभी-कभी दो बार काशी की यात्रा जरूर करते हैं।




केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात में एक कार्यक्रम में शिरकत की।

## नीतीश कुमार छल करते हैं सीमांचल वासियों से: ओवैसी



**टीम एक्शन इंडिया/पूर्णियां**
सीमांचल की सियासी जमीन को एक बार फिर जिंदा करने के लिए असदुद्दीन ओवैसी आज पूर्णियां पहुंचे । बायसी में सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार पर वह जमकर बरसे । उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने 22 वर्षों तक भाजपा का साथ दिया और आज उन्हें भाजपा का बी टीम बता रहे है । ओबेसी के निशाने पर भाजपा से ज्याद नीतीश कुमार रहे। उन्होंने कहा कि सीमांचल के चार विधायक को लालू के बेटे ने खरीद लिया लेकिन सीमांचल के साथ न्याय नहीं हुआ ।नीतीश कुमार ने सीमांचल के लिए क्या किया।बिहार की भी स्थिति ठीक नहीं है। इनके सियासी आका कोई और है। भारत के इतिहास में जब भी राजनीति की चर्चा होगी तो यह चर्चा जरूर होगी कि बिहार का एक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा को मजबूत किया।

## उप्र: बारिश और ओलावृष्टि को लेकर योगी ने दिए निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश में हुई बारिश और ओलावृष्टि को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जिलों के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है कि पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करें। आपदा से हुई जनहानि में प्रत्येक प्रभावित परिवार को चार लाख रुपये की अनुमन्य राहत राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशुहानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल वित्तीय सहायता दी जाए। फसलों को हुए नुकसान का आंकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाए। ताकि इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा सके और किसानों को राहत दिलाई जा सके।

## चंबल नदी पार कर रहे 17 लोगों में से सात डूबे

### हादसा

**इनमें से दो शव बाहर निकाल लिए गए हैं। पांच व्यक्ति अब भी लापता हैं। 10 लोग सुरक्षित किनारे पहुंच गए**



**टीम एक्शन इंडिया/मुरैना**
मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में शनिवार सुबह हाथ पकड़कर चंबल नदी पार कर रहे 17 लोगों में से सात लोग डूब गए। इनमें से दो शव बाहर निकाल लिए गए हैं। पांच व्यक्ति अब भी लापता हैं। 10 लोग सुरक्षित किनारे पहुंच गए। जिले के आला अधिकारी घाट पर मौजूद हैं। एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर बाकी लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। यह वाकया मुरैना जिले के टेंटरा थाना क्षेत्र के राइडी राधेन गांव में चंबल घाट पर हुआ है। घाट पर मौजूद स्थानीय लोगों का कहना है कि शिवपुरी जिले के छिलावद गांव से हर साल लोग बड़ी संख्या में राजस्थान में स्थित कैलादेवी के दर्शन करने जाते हैं। हादसे का शिकार हुए लोग भी कैलादेवी जा रहे थे। यह सभी लोग एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चंबल नदी पार कर रहे थे। इस दौरान एक व्यक्ति का पांव फिसल गया। इससे सात लोगों का संतुलन बिगड़ गया और देखते-देखते चंबल की लहरों में समा गए। इनमें कई महिलाएं भी हैं। इनके बाकी दस साथी सुरक्षित किनारे तक पहुंच गए हैं। आठ लोग राजस्थान के मंडरायल और दो श्रद्धालु मुरैना के तट पर सुरक्षित मिले। लापता सात लोगों में से दो के शव चंबल से बाहर निकाल लिए गए हैं। बाकी पांच की तलाश के लिए गोताखोर और एसडीआरएफ का दल कड़ी मशक्कत कर रहा है।

## रमजान पर छूट तो रामनवमी पर क्यों नहीं: संजय जायसवाल

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने शनिवार को कहा कि जब रमजान पर छूट मिल सकती है तो रामनवमी पर भी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी आने वाले दिनों में रामनवमी का त्योहार होने वाला है। हिंदुओं को तो सुबह से ही इस पूजा की तैयारी में बैठना पड़ता है। हर हिंदू के घर में रामनवमी होती है, तो फिर हिंदुओं को भी छूट मिलनी चाहिए। उनको क्यों नहीं छूट मिलेगी। इस तरह से किसी जाति विशेष के लिए अलग से छूट देना उचित नहीं हैं। संजय जायसवाल ने कहा कि इतने दिनों में कल हम लोगों ने पहली बार एक नया तरीका देखा, जिसमें रमजान के मौके पर मुस्लिम कर्मियों को एक घंटा पहले आने और जाने की छूट दी गई है। इसके बाद अब यह साफ हो गया है कि अगस्त महीने में जो यह सरकार बनी है वह पीएफआई के जुड़े हुए लोगों की सरकार है। पूरे देश में और बिहार में ऐसा कभी नहीं होता था यह अलग से नियम करना यह संकेत है कि सरकार में जो अफसर बैठे हैं वह पीएफआई के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव बी राजेन्दर ने इस संबंध में पत्र जारी किया है।

## बंधक बनाकर महिला से दुष्कर्म के मामले में केस दर्ज

**राजगढ़:** शहर ब्यावरा थाना क्षेत्र के रामपुरिया में मामा के घर में बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी देते हुए 30 वर्षीय महिला के साथ गलत काम करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को मौके से फरार आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया। थाना प्रभारी राजपालसिंह राठौर के अनुसार ग्राम कालापीपल थाना चाचौड़ा निवासी 30 वर्षीय महिला ने बताया कि ग्राम कोडियाडांग थाना चाचौड़ा निवासी पप्पू पुत्र बालू भील बातों में लेकर अपने मामा के घर रामपुरिया गांव में लेकर आया।

## जल्द मिलेगा राजस्थानी को राजभाषा का दर्जा



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**राजस्थानी** युवा समिति की राजस्थानी को राजभाषा बनाने की लड़ाई एक पायदान ऊपर चढ़ी जब राजस्थान के इतिहास में पहली बार विधानसभा में अनुच्छेद 345 को लेकर उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया गया। इस प्रश्न का जवाब शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने विधानसभा में देते हुए कहा कि राजस्थानी भाषा को राजस्थान की द्वितीय राजभाषा घोषित करने के सम्बन्ध में भाषा राज्यमंत्री ने एक समिति के गठन का अनुमोदन किया है। उन्होंने बताया कि यह समिति छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के मॉडल का अध्ययन कर वहां की तर्ज पर राजस्थानी भाषा को मान्यता देने के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। राजस्थानी युवा समिति के राष्ट्रीय सलाहकार राजवीर सिंह चलकोई ने कहा कि अब जब विधानसभा के इतिहास में पहली बार अनुच्छेद 345 को आधार बनाकर राजस्थानी को राजभाषा का दर्जा देने की मांग उठी।

**तेज बारिश** बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत, मालवा-निमाड़ और बुंदेलखंड के कई इलाकों में तेज बारिश, फसलों को नुकसान

## मप्र: कई जिलों में बारिश के साथ गिरे ओले, किसान परेशान



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**मध्यप्रदेश** में लगातार दूसरे दिन बेमौसम बारिश का दौरा जारी रहा। शुक्रवार को प्रदेश के मालवा-निमाड़ और बुंदेलखंड के कई इलाकों में तेज बारिश और ओले गिरे। इससे फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ग्वालियर के घाटीगांव, आरोन पाटई में भी ओले गिरे हैं। नर्मदापुरम, सागर, बैतूल, रायसेन, अशोकनगर और धार जिले में आकाशीय बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई है। मध्यप्रदेश में मार्च के महीने में मानसून जैसा माहौल बन गया है। वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर छह मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। उनके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बादल छा हुए हैं। साथ ही शुक्रवार को सागर, अशोकनगर और खरगोन समेत कई जिलों तेज हवाओं के साथ बारिश हुई और ओले गिरे। उज्जैन, दमोह के पथरिया, देवास, रायसेन, आगर-मालवा में तेज बारिश हुई। जबलपुर और

### भारी नुकसान

**मार्च के महीने में मानसून जैसा माहौल बन गया है। वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर छह मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं**

नर्मदापुरम में बूंदाबांदी हुई। वहीं, भोपाल, ग्वालियर और गुना में बादल छाए रहे। निवाड़ी जिले में शुक्रवार शाम तेज गरज के साथ बारिश हुई। इससे खेतों में पानी भर गया। कई गांव में ओले भी गिरे। रायसेन जिले की तहसील गैरतगंज में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, वहीं पांच लोग घायल हो गए। खराब मौसम के बीच शुक्रवार को जिले में आकाशीय बिजली गिरने से रजपुरा निवासी पप्पू (23) साहू आत्मज हरचरण साहू तथा सोडरपुर निवासी इंद्रजीत (24) आत्मज चन्द्रहारा विश्वकर्मा की मौत हो गई। इसके अलावा रजपुरा निवासी सुशील आत्मज हरचरण साहू 28 वर्ष तथा सोडरपुर निवासी अजय आत्मज धनसिंह रैकवार 22 वर्ष, दीपक आदिवासी आत्मज लीलाधर 25 वर्ष, छोटू रैकवार आत्मज गुड्डू 18 वर्ष घायल हुए हैं। वही गंभीर हालत होने पर बुद्धुलाल आत्मज




